www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 203 जयपुर, सोमवार, 03 जुलाई, 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

# लाभार्थी संवाद

आज दोपहर 12.00 बजे



## माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत

## पालनहार योजना

के लाभार्थियों के खातों में राशि का सीधा हस्तांतरण करेंगे

लगभग
**6 लाख**
लाभार्थी

लगभग
**₹ 88 करोड़**
धनराशि

पालनहार योजना उन सभी बच्चों के लिए संबल है जिन्हें किन्हीं परिस्थितियों के कारण अपने माता-पिता का दुलार नहीं मिल सका। मेरी कोशिश है कि राजस्थान के हर बच्चे को समानता का भाव देने वाली सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान संवाद

LIVE प्रसारण देखने के लिए

स्कैन करें

लॉग ऑन करें

@AshokGehlot.Rajasthan

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान

**जरूरी खबर**

### जोशी ने आयरलैंड पार्लियामेंट का किया अवलोकन



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने आयरलैंड की पार्लियामेंट का अवलोकन किया। डॉ. जोशी ने पार्लियामेंट के सदस्यों और अधिकारियों से पार्लियामेंट की गतिविधियों की जानकारी ली, साथ ही वहां के अधिकारियों को राजस्थान विधानसभा के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा भी मौजूद रहे। जोशी 3 देशों यूके, स्कॉटलैंड और आयरलैंड की अध्ययन यात्रा के बाद सोमवार 3 जुलाई को दिल्ली पहुंचेंगे।

### मुख्य सचिव ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर एवं नवघोषित जिलों के विशेषाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा सोमवार को आयोजित होने वाले पालनहार योजना लाभार्थी संवाद का रहा। इसके अलावा मुख्यमंत्री निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना, राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेल तथा विद्यालयों में भारतीय संविधान की उद्देशिका एवं मौलिक कर्तव्य के पाठन संबंधी विषयों पर समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को पालनहार योजना लाभार्थी संवाद कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

### वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा के लिए 44 करोड़ स्वीकृत



**जयपुर।** राज्य सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ स्थलों की यात्रा कराने के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया है। योजना के तहत वर्ष 2023-24 में प्रदेश के 40 हजार वृद्धजनों को यात्रा कराने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस लक्ष्य की क्रियान्विति में 44 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को मंजूरी दी है। योजना अन्तर्गत पहले 46 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। अब यात्रियों की संख्या बढ़ने से 44 करोड़ रुपए और दिए गए हैं। इस स्वीकृति से यात्रियों को हवाई और रेल के जरिए विभिन्न तीर्थ स्थलों पर यात्रा कराई जाएगी।

---

**नियोक्ता अंशदान की राशि 12 प्रतिशत ब्याज सहित जमा कराने का विरोध**

# सशर्त ओपीएस के विरोध में कर्मचारी करेंगे CMR का घेराव

**■ ओल्ड पेंशन स्कीम नियमों के जाल में फंसे कर्मचारी**



श्रवण भाटी | बेधड़क

**जयपुर।** राज्य सरकार की ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर बनाए गए दोहरे नियमों की मार प्रदेश की विभिन्न स्वायत्तशासी संस्थाएं और राजकीय विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों को झेलनी पड़ रही है।

इन नियमों के फेर में ये कर्मचारी चाहते हुए भी ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। अब प्रदेश में 1 जनवरी 2004 के बाद नियुक्त हुए स्वायत्तशासी संस्था और राजकीय विश्वविद्यालयों के कर्मचारी सशर्त ओपीएस लागू करने के विरोध में 7 जुलाई को रैली निकालकर सीएमआर का घेराव करने की तैयारी कर रहे हैं। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने इन कर्मचारियों को ओपीएस में शामिल होने के लिए 15 जुलाई तक नियोक्ता अंशदान राशि का 12% मय ब्याज जमा कराने का आदेश जारी किया है।

#### ये संस्थाएं हैं दायरे में

सरकार ने ओल्ड पेंशन स्कीम में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कर्मचारी, बिजली के तीनों निगम, नगर निगम, मेट्रो, आरटीडीसी, आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय, वेटरनरी विश्वविद्यालय, जेसीटीएसएल, आरयूएचएस, राजमेस के अधीन संचालित मेडिकल कॉलेज समेत कई संस्थाओं को शामिल किया है। वहीं प्रदेश में ओपीएस लागू करने के बाद छत्तीसगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड में भी ओपीएस लागू करने की घोषणा की गई है। ऐसे में अब यदि ये चार राज्य भी राजस्थान पैटर्न को लागू करते हैं, तो हजारों कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार हो जाएगा।

#### यह नियम बन रहे रोड़ा

राजस्थान सरकार के वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश के बिंदु 8.1 के अनुसार 1 जनवरी 2004 के बाद विभिन्न संस्थाओं के जो सेवारत कार्मिक एनपीएस सब्सक्राइबर हैं, उन्हें नियोक्ता अंशदान की समस्त राशि का 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 15 जुलाई तक सम्बंधित संस्था के पेंशन निधि खाते में जमा कराने का प्रावधान किया गया है। इसके बाद ही सेवारत कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ 1 जनवरी 2023 से दिया जाएगा। वहीं कई संस्थानों में एनपीएस में हो रही 10 प्रतिशत मासिक कटौती, जो 1 अप्रैल 2022 में समाप्त कर दी गई है, उन संस्थाओं के कर्मचारियों को नियोक्ता अंशदान की समस्त राशि 12 प्रतिशत ब्याज के साथ एक मुश्त जमा करने पर 1 अप्रैल 2022 बाद सेवानिवृत तिथि से देय होगी।

#### पेंशन का परिलाभ देने के लिए राज्य सरकार का कोई दायित्व नहीं

वित्त विभाग के आदेश 10.3 के अनुसार पेंशन निधि के गठन के उपरांत प्राप्त राशि और नियोक्ता अंशदान व ब्याज से जमा होने वाली राशि से ही पेंशन परिलाभों का भुगतान होगा। वहीं पेंशन परिलाभों के भुगतान को लेकर राज्य सरकार का कोई दायित्व नहीं होगा। वहीं बिंदु 10.4 के अनुसार पेंशन की व्यवस्था सम्बंधित संस्था करेगी। संस्था भुगतान के लिए राज्य सरकार से कोई मांग नहीं कर सकती। ऐसे में प्रदेश के हजारों कर्मचारी सेवानिवृत होने के बाद किस भरोसे रहेंगे। राज्य सरकार पर पेंशन के लिए निर्भर नहीं होने पर आखिर उन्हें पेंशन का भुगतान कौन करेगा।

> सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। प्रदेश की सरकार से राज्य कर्मचारियों की तर्ज पर पुरानी पेंशन योजना लागू कर पेंशन का संपूर्ण भार सरकार द्वारा वहन करने की मांग कर रहे हैं। सरकार की ओर से जल्द ही सकारात्मक कार्यवाही नहीं होने पर 7 जुलाई को प्रदेश स्तरीय आंदोलन कर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे
>
> **डॉ. संजय कुमार**, अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा, पुरानी पेंशन संघर्ष समिति

---

**पूर्व मुख्यमंत्री की कोटा में रैली, गहलोत सरकार पर बोला हमला**

# ERCP परियोजना को कांग्रेस ने आते ही लगा दिया ब्रेक: वसुंधरा

**■ कोटा के शंभूपुरा में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद**



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे रविवार को कोटा के शंभूपुरा में पहुंची। जहां पर भाजपा की महारैली को संबोधित किया। इस दौरान राजे ने प्रदेश की गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि राजस्थान में विकास केवल भ्रष्टाचार, दलित, महिला, अत्याचार और बेरोजगारी का हुआ है।

साथ ही आरोप लगाए कि प्रदेश के 13 जिलों की किस्मत ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट के जरिए बदलने की हमने कोशिश की थी, लेकिन अशोक गहलोत सरकार के आते ही उस पर भी ब्रेक लग गया। वहीं मध्यप्रदेश में इसी योजना के आगे के चरण में 3 बांध भी बना लिए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना नदी जोड़ने की योजना के तहत हमने यह योजना बनाई थी। कांग्रेस सरकार ने राजनीति में उलझाकर इसे छोड़ दिया। राजे बोलीं कि हमारे शासन में इसी क्रम में झालावाड़ में आहू और चंवली नदी को भी जोड़ा था।

इससे झालावाड़ के 31 गांव लाभांवित हुए थे। राजे ने आरोप लगाते हुए कहा कि बारां जिले की परवन परियोजना में भी राहुल गांधी को बुलाकर सितंबर 2013 में शिलान्यास करवा दिया गया। लेकिन कांग्रेस के 5 साल में कोई काम नहीं हुआ है। इस योजना के जरिए 2 लाख बीघा जमीन और 950 गांवों को पानी का आज भी इंतजार है। हमारे जल स्वालंबन योजना के चलते आज गांवों और कस्बों में भी पानी पहुंच गया है। राजे ने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य में योजनाओं को बदलने और कांग्रेस के आपसी झगड़े का विकास हुआ है।

#### प्रदेश का नहीं, कांग्रेस का विकास हुआ

राजे ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के शासन में विकास तो हुआ पर राजस्थान का नहीं कांग्रेस का। भ्रष्टाचार का, महिला और दलित अत्याचार का, बेरोजगारी का। पूरा प्रदेश गहलोत सरकार से छुटकारा पाना चाह रहा है, क्योंकि यह सरकार अधिकांश कागजों, बयानों, निर्देशों, आपसी झगड़ों और होटलों में ही दिखाई दी। हमने मुफ्त इलाज के लिए भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की। उसका नाम बदल कर इन्होंने चिरंजीवी स्वास्थ्य कर दिया।

#### हम चुनाव ही नहीं, दिल भी जीतते हैं

राजे ने कहा है कि हम सिर्फ चुनाव ही नहीं लोगों का दिल भी जीतते हैं। अब समय आ गया है हर बूथ पर जाएं और लोगों का दिल जीतें। प्रदेश में भाजपा और देश में मोदी की भाजपा सरकार बनाएं। सीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियां बोलते हुए कहा कि विश्वास कीजिए अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। राजे ने पूर्व पीम की कविता से भाषण की शुरुआत की। यह रैली कोटा में पूर्व विधायक प्रह्लाद गुंजल की ओर से आयोजित हुई थी।

#### महिला आरक्षण में अटकाया पेच

राजे ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि देश में पहली बार हमने महिलाओं को पंचायत राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। नगर निकाय चुनाव में भी 50 प्रतिशत आरक्षण दे रहे थे, पर कांग्रेस अदालत में चली गई और महिलाओं का यह आरक्षण रुक गया। सभा में मौजूद सांसद दुष्यंत सिंह, पूर्व विधायक भवानी सिंह सहित भाजपा विधायक, सांसद और पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

**एआईएमआईएम प्रमुख का जयपुर दौरा**

# हम सिविल कोड का करते हैं विरोध: ओवैसी




बेधड़क | जयपुर

मुसलमान ज्यादा शादी करते हैं, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं है, हम शादी के मामले में हिंदुओं से केवल 0.6 प्रतिशत आगे हैं। भारत एक है, एक रहेगा, लेकिन यहां हजारों मजहब को मानने वाले लोग हैं। यूसीसी के नाम पर पीएम मोदी हिंदू सिविल कोड लाना चाहते हैं। जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं, जबकि कांग्रेसी नेताओं ने चुप्पी साध रखी है।

राजस्थान में मस्जिद पर हमले हो रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समानता की बात करते हैं, लेकिन हकीकत में वे इससे कोसों दूर हैं। दरअसल, ये बातें एआईएमआईएम पार्टी के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार रात को जयपुर के रामलीला मैदान में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा किमैं भी मुसलमान हूं और भारत का नागरिक हूं। जैसे वह मंदिर जाते हैं, हम मस्जिद जाते हैं। वो अपने मजहब को मानते हैं, तो हम अपने मजहब को मानते हैं। फिर मेरे और मुसलमानों के देश प्रेम पर शक क्यों किया जाता है? उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान उन्होंने भरतपुर के नासिर और जुनैद हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा- राजस्थान में मुसलमानों का बुरा हाल है। क्योंकि यहां के मुसलमानों के पास खुद की लीडरशिप नहीं है।

राजस्थान में 9 मुसलमान कांग्रेस के MLA हैं, लेकिन उनके मुंह पर गहलोत ने ताला लगा रखा है। जब कन्हैया को मारने वाले आतंकवादी हैं, तो जुनैद को मारने वाले भी तो आतंकवादी हैं। उन्होंने कहा कि कन्हैया की मौत पर गहलोत ने 50 लाख का मुआवजा दिया, मगर जुनैद की मौत पर सिर्फ 5 लाख ही क्यों दिए?

---

**आपसी कलह का 'खुला मंच' बन गई है बीजेपी**

# आपसी लड़ाई में उलझी कांग्रेस, विकास के लिए फुर्सत नहीं: आप

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस नेताओं ने कभी भी जनता के लिए लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि वो सिर्फ अपने राजनीतिक अस्तित्व और निजी स्वार्थ की लड़ाई लड़ते हैं। जबकि बीजेपी की राजनीति जनता के मुद्दों से अलग जाति और धर्म पर आधारित होती है, इसलिए इन दोनों ही दलों का प्रदेश की सियासत से आउट होने का वक्त आ गया है।

ये बात आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान भले ही एक्टिव हो गया है, लेकिन अंतरकलह को दूर करने के लिए कांग्रेस जितनी भी कोशिशें कर ले सब नाकाम होंगी। पालीवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले पांच साल के कार्यकाल में आपसी खींचतान में उलझी रही।



जिससे जनता और प्रदेश को बहुत नुकसान हुआ और विकास के मामले में राजस्थान उम्मीद के मुताबिक तरक्की नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि जनता समझती है कि कांग्रेस की अंदरूनी कलह इतनी आसानी से नहीं सुलझने वाली इसलिए अब वो समय बर्बाद करने के लिए कांग्रेस को मौका नहीं देने वाली।

पालीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की सियासत में गुटबाजी सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं, बल्कि बीजेपी में भी है।

---

**प्रदेश कांग्रेस में नियुक्तियों को लेकर कवायद जारी**

# पीसीसी चीफ आज जाएंगे दिल्ली, इसी सप्ताह संगठनात्मक नियुक्तियां संभव

**■ गोविंद सिंह डोटासरा दिल्ली में केसी वेणुगोपाल के साथ करेंगे चर्चा**

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस संगठन में नियुक्तियों को लेकर पार्टी की दिल्ली में कवायद चल रही है। माना जा रहा है कि आलाकमान जल्द ही प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान कर सकता है। इसी को लेकर पीसीसी चीफ डोटासरा का सोमवार को दिल्ली जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।



कांग्रेस से जुड़े सूत्रों की माने तो इसी सप्ताह संगठनात्मक नियुक्तियां संभव होंगी। डोटासरा का दिल्ली में संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जहां पर प्रदेश संगठन की नियुक्तियों को लेकर चर्चा होगी। इस मामले में पहले राजस्थान में कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की थी। पिछली बार नई दिल्ली में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के घर बैठक हुई थी। जिसमें रंधावा सहित तीनों सह प्रभारी और डोटासरा ने भाग लिया था। इस बैठक में राजस्थान से जुड़े कई मुद्दों, संगठन एवं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर फीडबैक दिया गया था।

अब माना जा रहा है कि डोटासरा की होने वाली मुलाकात के बाद प्रदेश में जल्द ही ऐसे जिले जहां पर जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर नियुक्तियां नहीं हुई हैं, वहां पर पदाधिकारियों के नामों पर अंतिम मोहर लगेगी और सूची जारी होगी।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने विपक्ष पर खड़े किए सवाल**

# पीएम मोदी देश हित में काम करेंगे, यूसीसी देश की समृद्धि के लिए: जोशी

**■ नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत**

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने अपनी नई कार्यकारिणी को विजय संकल्प टीम राजस्थान का नाम दिया है। जोशी ने कहा कि टीम में पुराने अनुभवी और नए ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जगह दी गई है।

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के लिए काम करता है, चाहे वो किसी पद पर हों या ना हों। कार्यकारिणी में कुछ वर्गों को छोड़ने के सवाल पर उन्होंने नई कार्यकारिणी को सभी वर्गों और महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने तथा सोशल इंजीनियरिंग का समावेश बताया। साथ ही कहा कि अभी मोर्चों सहित दूसरे प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी बननी बाकी है। जो रह गए हैं, उन्हें इसमें शामिल किया जाएगा। रविवार को नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारियों का प्रदेश कार्यालय में स्वागत हुआ। वहीं जोशी ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि यूसीसी वर्तमान में देश के विकास और समृद्धि के लिए है। जो देशहित में होगा, मोदी सरकार वहीं काम करेगी।



भारत के संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार का उल्लेख किया गया है। ऐसे में देश में दोहरी व्यवस्था कैसे चल सकती है। तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति से कदापि देश का विकास नहीं हो सकता। भाजपा समाज के सभी वर्गों को उन्नत बनाना चाहती है। कोई भी वर्ग अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।

#### विरोध करने की खा रखी है कसम

जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विचार और काम देश को समृद्धि को आधार देंगे, लेनिक कुछ पार्टियों ने कसम खा रखी है कि भाजपा देशहित में कोई भी फैसला ले, तो उसका विरोध करना है। विपक्ष को यह नहीं पता कि देश की जनता का मिजाज क्या है? अनुच्छेद 370 हटाने का काम क्या पहले नहीं हो सकता था। क्या वन नेशन, वन टैक्स का निर्णय इंदिरा गांधी के समय नहीं हो सकता था। उस समय राजनीतिक लोगों को लगा कि देश से पहले पार्टी है। कहीं पार्टी का वोटबैंक ना चला जाए। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने नेशन फर्स्ट को लेकर काम किया है। तभी तो देश की जनता का विश्वास भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर है।

#### महिलाएं उतरेंगी सरकार के विरोध में

जोशी ने कहा कि भ्रष्ट, नाकारा, जंगलराज, पेपर लीक और झांसेबाज कांग्रेस सरकार के खिलाफ आगामी पांच जुलाई को महिला मोर्चा जयपुर की सड़कों पर थाली नाद के साथ विरोध-प्रदर्शन करेगी। वहीं आगामी 12 जुलाई को झुंझनूं में कर्जमाफी का झूठा वादा करने वाली सरकार के खिलाफ किसान प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा बेरोजगारी भत्ता नहीं मिलने और पेपर लीक के खिलाफ युवा अजमेर में विरोध जताएंगे।

#### माइक छीनने पर राठौड़ ने दी सफाई

बीते दिनों जोधपुर के बालेसर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभा में पूर्व विधायक बाबू सिंह के हाथ से माइक छीन लेने की घटना पर नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने सफाई दी। रविवार को राठौड़ ने कहा कि बाबू सिंह भी हमारे हैं और गजेंद्र सिंह भी हमारे हैं। आप सिंहों में अंतर नहीं कर पाओगे। राठौड़ ने कहा कि इस बात को गुटबाजी के रूप में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि जब मुख्य अतिथि का भाषण के लिए नाम पुकारा जाता है, तो उन्हीं का उद्बोधन होता है। इससे पहले उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला। राठौड़ ने कहा कि खुद जोधपुर का विकास मुख्यमंत्री नहीं करवा पाए। आज भी जब बारिश होती है, तो यहां सबसे ज्यादा पानी का भराव होता है। ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से बिगड़ा हुआ है। वहीं उदयपुर की सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को मंच पर बोलने के लिए आमंत्रित करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजे दो बार की पूर्व मुख्यमंत्री हैं और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। राजस्थान में भाजपा उनसे अलग नहीं है।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क



गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं

वर्ष: 2 | अंक: 203 जयपुर, सोमवार, 03 जुलाई, 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### गुरु पूर्णिमा पर्व आज गुरु पूजन कर शिष्य लेंगे आशीर्वाद



**जयपुर।** गुरु के पूजन का पर्व गुरु पूर्णिमा सोमवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह से ही शिष्य अपने गुरु को नारियल सहित अन्य दक्षिणा भेंट कर पूजन करेंगे और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। शहर के प्रमुख मंदिरों में भी भक्त अपने गुरुओं का पूजन-अर्चन करेंगे। मुख्य आयोजन गलता तीर्थ, काले हनुमान मंदिर, सरस निकुंज, गोविन्ददेव जी मंदिर और मोती डूंगरी गणेश मंदिर में होगा। इसके अलावा लोग प्रमुख मठों पर जाकर भी गुरुजन का आशीर्वाद लेंगे।

### सीएम गहलोत करेंगे लाभार्थियों के खातों में 87 करोड़ ट्रांसफर



**जयपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर राहत के साथ आर्थिक संबल देंगे। सीएम गहलोत सोमवार को राज्य स्तरीय पालनहार लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के तहत 5 लाख 91 हजार 730 लाभार्थियों के बैंक खातों में 87 करोड़ 36 लाख 56 हजार 750 रुपए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से हस्तांतरित करेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर दोपहर 12 बजे आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में गहलोत वीसी के माध्यम से लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में भी जिला स्तरीय लाभार्थी संवाद कार्यक्रम होंगे। सभी जिले वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

### सीएमओ के निर्देश पर पीपलू प्रकरण में एसआईटी गठित

**जयपुर।** सीएमओ के निर्देश पर टोंक जिले के थाना पीपलू में दर्ज प्रकरण सीआईडी क्राइम ब्रांच को सौंपा गया है। जांच के लिए दो एडि. एसपी स्तर के अधिकारियों समेत 8 पुलिसकर्मियों की एसआईटी गठित की गई है। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि पीपलू थाना क्षेत्र में हुए शंकर मीणा हत्याकांड की उच्च स्तरीय जांच के लिए आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के सुपर विजन में यह एसआईटी गठित की गई है। एडि. एसपी आशाराम चौधरी व नेम सिंह जांच के लिए टोंक पहुंच चुके हैं।

**जल में भ्रष्टाचार का प्रदूषण:** पीएचईडी में टेंडर घोटाला आया सामने... शुरू हुई जांच

# पहले से खोदी ट्यूबवेलों को नई बताकर करवा दिया भुगतान

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्र की हर घर में नल से पानी पिलाने की योजना जल जीवन मिशन को प्रदेश में भ्रष्टाचार की दीमक चाट रही है। हालात यह है कि सरकार में ब्लैक लिस्ट फर्मों को ठेके दिए जा रहे हैं। ये फर्म्स न केवल ट्यूबवेल, पाइप लाइन, टंकी निर्माण घटिया सामग्री इस्तेमाल कर सरकारी पैसे को चूना लगा रही है, बल्कि विभाग में उच्चस्तर पर सांठगांठ करके पुराने कामों को नया बता कर करोड़ों का भुगतान भी उठा रही है।



### घटिया सामग्री से निर्माण की शिकायत

#### ऐसे हुआ खुलासा

मामले का खुलासा राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा की केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को भेजी गई शिकायत के बाद हुआ। इसकी प्रारंभिक जांच में पाया गया कि फर्म ने महुवा, शाहपुरा और करौली में काम करते हुए घोटाले के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। यही नहीं, विभाग ने इन फर्मों पर इतनी कृपा बरसाई कि काम का सत्यापन होने से पहले ही पूरा भुगतान भी कर डाला। विभाग ने यह टेंडर श्री श्याम ट्यूबवेल कंस्ट्रेक्शन कंपनी, गणपति कंस्ट्रेक्शन कंपनी और अमित कंस्ट्रेक्शन कंपनी को दिया था। राज्यसभा सांसद मीणा की शिकायत के बाद अब विभाग ने जांच कमेटी से जांच शुरू करवा दी है। अलबत्ता, यह सांप निकलने के बाद लकीर पीटने जैसा है, क्योंकि विभाग फर्मों को पहले ही भुगतान कर उपकृत कर चुका है। मामले में अब विभाग के उच्चाधिकारी पूरी तरह से मौन साधे बैठे हैं।

#### भ्रष्टाचार की धारा ऊपर से!

ऐसा नहीं है कि ठेकेदारों की इस कारगुजारी की जानकारी विभाग को नहीं थी। शाहपुरा में विभाग के एक सहायक अभियंता ने अधिशाषी अभियंता को पत्र भेज अपने यहां चल रहे घोटाले की बाकायदा जानकारी भी दी। सहायक अभियंता ने शिकायती पत्र में लिखा कि शाहपुरा उपखंड में 41 गांवों तक पानी पहुंचाने के लिए 35 योजनाओं का कार्य आवंटित किया था, लेकिन कार्यों को पूरा नहीं किया गया। सहायक अभियंता की शिकायत पर विभाग ने कोई एक्शन नहीं लिया। सूत्रों की मानें तो शिकायत को उच्चाधिकारियों की जानकारी में आने के बाद भी नजरंदाज कर दिया गया। यही नहीं, शिकायत करने पर विभाग के एक बड़े अधिकारी ने नीचे के अधिकारियों को चुप रहने की हिदायत दे डाली।

#### केन्द्र से टीम भेजने की मांग

सांसद मीणा ने शिकायत में लिखा कि जेजेएम में स्वीकृत ट्यूबवेल निजी उपयोग के लिए दिया जा रहा है। पाइप डालने के लिए खोदी सड़कों को ठीक नहीं कराया। बिना निर्माण के सड़कों को भुगतान कर दिया गया। महुवा क्षेत्र में जेजेएम के कार्यों में कई जगह पुराने सामान लगाए और नए सामान का भुगतान कर डाला।

**महाराष्ट्र में सियासी घटनाक्रम** शरद पवार की राकांपा में दो फाड़

# अजित पवार शिंदे सरकार में बने डिप्टी सीएम... नौ विधायक मंत्री

- अजित पवार के साथ 17 विधायक शिंदे सरकार में हुए शामिल
- एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने कहा... कुछ नेता घबराए हुए थे ईडी से


**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में रविवार को एक चौंकाने वाले सियासी घटनाक्रम में शरद पवार की पार्टी एनसीपी में दो फाड़ हो गया और उनके भतीजे अजित पवार ने सियासी पलटी मारते हुए एकनाथ शिंदे की सरकार में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके अलावा नौ एनसीपी विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। इसकी भनक सभी को तब लगी जब अजित पवार 17 अन्य विधायकों संग राजभवन कूच कर गए। पांच साल के एक ही विधानसभा कार्यकाल में पवार तीसरी बार उप मुख्यमंत्री बने हैं। इससे पहले 2019 में भी अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर देवेंद्र फडणवीस की सरकार में उप मुख्यमंत्री बनाए गए थे। बाद में उद्धव की सरकार में और अब तीसरी बार शिंदे की सरकार में डिप्टी सीएम बने हैं।

इससे पहले अजित पवार ने एनसीपी विधायकों की एक बैठक बुलाई थी। जिसमें सुप्रिया सुले भी पहुंची थीं, लेकिन वह थोड़ी ही देर में वहां से निकल गईं। उस बैठक में शरद पवार के करीबी माने जाने वाले और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल भी मौजूद थे। उधर, शरद पवार जो पुणे में थे। अजित के मीटिंग बुलाने पर शरद पवार ने कहा था कि उन्हें ऐसा करने का अधिकार है।




"राज्य अब एक मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्रियों के साथ विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा।
- एकनाथ शिंदे, मुख्यमंत्री



### चुनाव NCP से लड़ूंगा: अजित

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ घंटे बाद अजित पवार ने कहा कि उनकी पार्टी ने देश के विकास के लिए शिंदे सरकार का हिस्सा बनने का फैसला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने राकांपा में किसी भी तरह के विभाजन से इनकार करते हुए कहा कि वे भविष्य के सभी चुनाव राकांपा के चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे।


छगन भुजबल


दिलीप वालसे पाटिल

### कौन-कौन बने मंत्री

अजित पवार के साथ एनसीपी से टूटकर निकले गुट के मंत्री बनने वालों में छगन भुजबल, दिलीप वालसे पाटिल, अदिति तटकरे, धनंजय मुंडे, हसन मुश्रीफ, रामराजे निंबालकर, संजय बनसोडे, धर्मराव बाबा अत्राम और अनिल भाईदास पाटिल का नाम शामिल है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रफुल्ल पटेल भी मौजूद थे। उनके अलावा सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। एक तरफ बताया जा रहा है कि अजित पवार के साथ 17 विधायक गए हैं। वहीं, दूसरी ओर दावा किया जा रहा है कि एनसीपी के 53 में से 29 विधायकों का समर्थन अजित पवार को प्राप्त है।

### पार्टी लांघने वालों पर करेंगे कार्रवाई: पवार

**पुणे।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल होने पर अजित पवार समेत अन्य नेताओं के खिलाफ कार्रवाई का संकेत देते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि पार्टी लाइन का उल्लंघन कर शिंदे सरकार में शामिल होने वालों पर फैसला लेना होगा। राकांपा प्रमुख ने कहा कि वह पार्टी का नाम लेकर किसी के कुछ भी कहने पर झगड़ा नहीं करेंगे, बल्कि जनता के बीच जाएंगे। अजित पवार, छगन भुजबल, दिलीप वाल्से पाटिल और हसन मुशरिफ का नाम लेते हुए शरद पवार ने कहा कि पार्टी के कुछ नेता ईडी की जांच से घबराए हुए थे।





महाराष्ट्र में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है वो दिखाता है कि धनबल एवं केन्द्रीय एजेंसियों के दम पर भाजपा विपक्षी पार्टियों को खत्म कर देना चाहती है। इसकी जितनी निंदा की जाए वो कम है। कल तक अजित पवार सहित जिन नेताओं पर भाजपा भ्रष्टाचार के आरोप लगाती थी, उन सभी को मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया। भाजपा विपक्षी पार्टियों के एक साथ आने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही घबराई हुई है, जिसके कारण केन्द्रीय एजेंसियों से दबाव डालकर क्षेत्रीय दलों को तोड़ रही है। भाजपा कितना भी कुप्रयास कर ले, जनता अनुकूल जवाब देगी। **-अशोक गहलोत, सीएम**

**जोधपुर जेल में अपराधियों का आतंक**

# जेल में चलाई जा रही धर्मांतरण की मुहिम!




- जेल के विचाराधीन कैदी ने अन्य कैदियों पर लगाए गंभीर आरोप
- 6 कैदियों ने की थी पिटाई, पीड़ित के हाथ, मुंह और पसलियों में आई थी चोट

**गिरीश शर्मा** | बेधड़क

**जोधपुर।** देश भर की सबसे सुरक्षित जेल की सूची में शामिल जोधपुर की सेंट्रल जेल एक बार फिर से सुर्खियों में है। जेल के एक वार्ड में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाकर एक कैदी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद आतंकी गतिविधियों के आरोपी कैदी ने एक अन्य कैदी पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। इसका विरोध करने पर 6 कैदियों ने उसके साथ मारपीट कर डाली। इस घटना के बाद पीड़ित कैदी को इलाज के लिए जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मेडिकल जांच की गई। पीड़ित कैदी के हाथ, मुंह और पसलियों में चोट आई बताई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह जेल के वार्ड नंबर 15 में बंद जालोर के कैदी सुभाष बिश्नोई को सुबह 11 बजे बाहर निकाला गया। उस दौरान एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए कैदियों ने उस पर हमला कर दिया। हमला करने वालों में वकार, अशरफ सहित अन्य लोग शामिल थे। इसमें उसके कंधे व नाक पर चोट आई, जिन कैदियों ने उस पर हमला किया बताया उन्हें एटीएस ने आतंकी गतिविधियों के आरोप में कई साल पहले गिरफ्तार किया था।

### शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं

पीड़ित ने बताया कि जेल के 15 नंबर वार्ड में हिंदू धर्म विरोधी व इस्लाम संबंधित किताबें उसे पढाई जा रही थीं। जेलर को 3 दिन से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी कैदियों को हिंदू धर्म विरोधी किताबें पढ़ा रहे हैं। जेल में हिंदू विरोधी माहौल बनाया जा रहा है।

"यदि ऐसा कुछ हुआ है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
**विक्रम सिंह,** आईजी जोधपुर जेल


**राजस्थान के चुनावी घमासान के लिए भाजपा की तैयारी**

# PM मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी भाजपा... रणनीति रहेगी आक्रामक

- अमित शाह के राजस्थान दौरे से साफ हुआ चुनाव में चेहरे का मसला
- पीयूष गोयल को दी जा सकती है प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी
- संकेत हैं कि जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में होगा फेरबदल

**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी आने वाले दिनों में राजस्थान को लेकर अहम फैसले कर सकती है। सूत्रों की मानें तो प्रदेश का प्रभार वरिष्ठ बीजेपी नेता पीयूष गोयल को दिया जा सकता है। ऐसे भी संकेत हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे। उनमें से कुछ मंत्रियों को संगठन में लाया जाएगा। संगठन में राजस्थान के साथ यूपी समेत कुछ और राज्यों में नए प्रभारी लगाए जा सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से यह साफ हो गया है कि राजस्थान में पार्टी किसी को चेहरा नहीं बनाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा।



### बीजेपी की नजर कांग्रेस में फेरबदल पर

बीजेपी की नजर कांग्रेस के फेरबदल की खबरों पर बड़ी बारीकी से लगी हुई है। सूत्रों की मानें तो अगर कांग्रेस ने किसी भी प्रकार का फेरबदल किया तो बीजेपी उस हिसाब से अपनी चुनावी रणनीति को और धार देगी। हालांकि, अभी तक संकेत यही हैं कि कांग्रेस आलाकमान कोई फेरबदल नहीं करेगा, लेकिन एक गुट प्रदेश अध्यक्ष बदलने की खबरें चलवा रहा है। बीजेपी मान रही है कि अगर चुनाव से चार महीने पहले कांग्रेस गोविंद सिंह डोटासरा को हटाती है तो यह उसके लिए बड़ा मुद्दा होगा। चुनाव में बताएंगे 2020 में कांग्रेस सरकार में संकट अंदरूनी झगड़ों के चलते आया था, बीजेपी की वजह से नहीं। डोटासरा को उस समय बागी बने सचिन पायलट को बर्खास्त कर अध्यक्ष बनाया गया था।

### कांग्रेस में बदलाव की खबरों से बीजेपी को लाभ

कुछ दिनों से ही राजस्थान को लेकर जो खबरें चलवाई जा रही हैं और पार्टी आलाकमान उनका खंडन भी नहीं कर रहा है, जिससे राज्य कांग्रेस में संशय का माहौल है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के महंगाई बचत राहत कैंप ने सरकार रिपीट होने का माहौल तैयार कर दिया था। अंदुरूनी झगड़ों में उलझी हुई बीजेपी को कांग्रेस में बदलाव की खबरों ने मौका दे दिया।

### ये मुख्य मुद्दे हो सकते हैं भाजपा के

शाह के उदयपुर दौरे ने विधानसभा चुनावों की रणनीति को उजागर कर दिया है। यह लगभग तय हो गया है कि बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही चेहरे को आगे कर उनकी सरकार की 9 साल उपलब्धियों को मुद्दा बना उनके नाम पर विधानसभा के साथ साथ लोकसभा के लिए भी वोट मांगेगी। साथ ही, बीजेपी भ्रष्टाचार, धारा 370 को खत्म करना, कश्मीर, परिवारवाद, मंदिर और हिंदुत्व जैसे मुद्दों को उठा कांग्रेस पर हमला बोलेगी। बीजेपी की कोशिश चुनाव को सीधे तौर पर मोदी बनाम राहुल गांधी करने की होगी।

### वसुंधरा राजे के सम्मान में नहीं रखी जाएगी कमी

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को लेकर भी स्थिति साफ है। उन्हें सीधे चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा। न उनके सम्मान में कोई कमी नहीं रखी जाएगी और ना ही ऐसा कोई संदेश दिया जाएगा जो उनके खिलाफ हो। इसलिए शाह के इशारे पर ही उदयपुर में उन्हे भाषण देने दिया गया।

## जरूरी खबर

### फांसी के फंदे पर झूलती मिली युवक की लाश



**धौलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पटपरा मोहल्ले में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चौकी प्रभारी वीरेंद्र शर्मा ने बताया, लुहारी गांव का रहने वाला मृतक हितेश (35) पुत्र फोदाराम दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। मृतक की पत्नी के मुताबिक, रात को वह अपने पति और बच्चों के साथ छत पर सो गई थी। सुबह जब पत्नी और बच्चे नीचे उतरे तो उन्हें कमरे की कुंडी लगी मिली। उसके बाद घरवालों को मृतक के आत्महत्या करने का पता चला। आत्महत्या की खबर मिलने के बाद कोतवाली थाने के ड्यूटी ऑफिसर हेड कांस्टेबल कृष्ण अवतार मौके पर पहुंचे। शव को फांसी के फंदे से उतारकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

### अलवर के गुरु आश्रम में होगा विशेष कार्यक्रम

**अलवर।** प्राच्य ज्ञान-विज्ञान प्रचार-प्रसार समिति की ओर से सोमवार को सूर्यनगर स्थित गुरु आश्रम गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव की शुरुआत दोपहर दो बजे से होगी, जो शाम चार बजे तक चलेगा। इस दौरान गुरुदेव श्री श्री हृदय नाथ महाराज जी (डॉ.हृदय शर्मा ज्योतिष वेदोपाध्याय) का पूजन व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### बिजली विभाग ने हाई मास्ट लाइटों के कनेक्शन काटे



**लाडनूं।** लाडनूं नगर पालिका क्षेत्र में लगी हाई मास्ट लाइटों के कनेक्शन विद्युत विभाग ने रविवार को काट दिए। पालिका के अलग-अलग वार्डों में यह हाई मास्ट लाइटें लगी हुईं थी। अब ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर दूधिया रोशनी करने वाली लाइटें बंद रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लाडनूं के सहायक अभियंता राकेश कुमार मीणा ने बताया कि नगर पालिका लाडनूं द्वारा बकाया बिजली बिलों का भुगतान नहीं करने पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका को समय पर बिल जमा करवाने को लेकर नोटिस भी दिया,लेकिन फिर भी बिल नहीं जमा करवाया गया।

**भीलवाड़ा के अगरिया गांव का मामला:** आजादी के पहले 1916 के समय के बताए जा रहे हैं सिक्के

# तालाब से निकल रहे चांदी के सिक्के, लूटने पहुंचे ग्रामीण

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में जमीन से चांदी के सिक्के मिलने की खबर सामने आई। इसके बाद ग्रामीणों में सिक्के पाने के लिए जमीन खोदने की होड़ मच गई। कुछ ग्रामीणों ने जमीन से पुराने जमाने के चांदी के सिक्के निकलने का दावा किया। जिसके बाद वहां भीड़ ही जुट गई।

बड़ी संख्या में ग्रामीण चांदी के सिक्के पाने की होड़ में जमीन खोदने लगे। भले ही वो इसे चांदी का सिक्का बता रहे हैं, लेकिन इनका कनेक्शन साल 1916 से मिला है। ऐसी चर्चा है कि ये लोग वहां से करीब 100 सिक्के निकाल कर भी ले गए। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। दरअसल जिले के पारोली क्षेत्र के अगरिया तालाब की पाल पर चांदी के सिक्कों का खजाने मिलने की बात ने गांव में हड़कंप मचा दिया।

खजाना ढूंढने के लिए शनिवार शाम को सैकड़ों ग्रामीण तालाब की पाल पर पहुंच गए और वहां पड़े मलबे को खोदने लगे। ग्रामीणों को मलबे से 100 चांदी के सिक्के मिले। ये सिक्के आजादी के पहले 1916 के समय के हैं। सिक्कों पर प्रथम ब्रिटिश राजा जार्ज फ्रेडरिक अर्नेस्ट अल्बर्ट का फोटो बना हुआ है। इधर, चांदी के सिक्के मिलने की सूचना के बाद पारोली पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से सिक्कों के बारे में जानकारी ली। वहीं रविवार को दो पुलिकर्मी तैनात कर वहां किसी के भी जाने पर रोक लगा दी गई।



**ब्रिटिश सम्राट जोर्ज के समय के हैं सिक्के**

लोगों को मिले सिक्कों पर प्रथम ब्रिटिस राजा जार्ज फ्रेडरिक अर्नेस्ट अल्बर्ट का फोटो अंकित है। उनके शासनकाल 1910 से 1936 तक इन सिक्कों का प्रचलन था। इस एक सिक्के का वजन 11.66 ग्राम है।

### इंद्र की पूजा-अर्चना के लिए की थी खुदाई

अगरिया तालाब की पाल पर शनिवार शाम पांच बजे को इंद्र भगवान की पूजा-अर्चना करने के लिए तालाब की पाल के किनारे ग्रामीण मिट्टी खोद रहे थे। इस दौरान वहां मिट्टी में चांदी का सिक्का निकला। यह काफी पुराना था और उस पर 1916 अंकित था। यह बात गांव में आग की तरह फैल गई। बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी पाल पर पहुंच कर खुदाई करने लग गए। अंधेरा होने तक ये लोग सिक्के तलाशते रहे। इसके बाद रविवार सुबह ये फिर वहां सिक्के तलाशने लग गए। उन्हें वहां 100 सिक्के मिले भी।

### तीन साल पहले डाला गया था मलबा

तीन साल पहले गांव के कुछ लोगों के पुराने मकान ढह गए थे। उन मकानों का मलबा तालाब की पाल के किनारे डाल दिया था। कयास लगाया जा रहा है कि यहां डाले गए मकानों के मलबे में ही यह सिक्के आए थे। लोगों का कहना है कि आगरिया गांव में यह मलबा जाट समाज के लोगों के पुराने घर का है। उनके घर करीब 100 साल से ज्यादा पुराने हो गए थे। कई घर अपने आप ही गिर गए थे और कई घरों को गिराकर वहां नए घर बना दिए। उसके बाद मलबा तालाब के किनारे डाला गया था।

### पुरातत्व विभाग की टीम को बुलाया

आगरिया गांव के पटवारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि चांदी के सिक्के निकलने की सूचना के बाद पुरातत्व विभाग को सूचना दी गई है। पारोली पुलिस को उस जगह पर लोगों के जाने पर पाबंदी लगाने के आदेश भी दिए गए हैं। टीम के आने के बाद ही सिक्कों के बारे में पूरी जानकारी मिल पाएगी।

**हनुमानगढ़ टाउन थाने की घटना,** रिमांड पर चल रहा है गैंगस्टर

# सिपाही से चली गोली, बाल बाल बचा रितिक बॉक्सर

**बेधड़क** | हनुमानगढ़

**पुलिस अधीक्षक ने सिपाही को किया लाइन हाजिर, मामले की जांच शुरू**

जिले के टाउन थाना में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कांस्टेबल की राइफल से गोली चली। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। यह गोली उस समय चली, जब फिरौती के मामले में रिमांड पर लाया गया गैंगस्टर रितिक बॉक्सर नहा रहा था।

इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। कांस्टेबल को तुरंत ही लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस ने पहले तो इस घटना को दबाए रखा। लेकिन जब लापरवाही बरतने वाले सिपाही को लाइन हाजिर किया गया तब इसका खुलासा हुआ। सूत्रों के मुताबिक घटना तीन दिन पहले गुरुवार की बताई जा रही है। हनुमानगढ़ टाउन के चिकित्सक पारस जैन से 1 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के मामले में टाउन पुलिस ने रितिक को गिरफ्तार कर किया है। रितिक बॉक्सर के नहाते समय सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल राकेश ढाका से गोली चल गई। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि गोली चलना एक हादसा था या साजिश। इसके अलावा यह मामला इसलिए भी संदेह के घेरे में है कि पुलिस ने मामले को तीन दिन तक दबाए क्यों रखा? पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रितिक बॉक्सर कई दिनों से नहाया नहीं था। उसके नहाने के दौरान उसकी सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल राकेश ढाका से अचानक गोली चल गई।



### पुलिस बरत रही है ऐहतियात

गौरतलब है कि रितिक बॉक्सर पर हनुमानगढ़ जिले के कई थानों में फिरौती के मुकदमें दर्ज हैं। वह फिलहाल टाउन पुलिस की रिमांड पर है। इससे पहले हनुमानगढ़ सदर और हनुमानगढ़ जंक्शन थाना पुलिस रितिक बॉक्सर को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर चुकी है। टाउन थाने में बंद रितिक को देखते हुए इन दिनों वहां की पुलिस विशेष एहतियात बरत रही है। परिवादियों को भी टाउन थाने में घुसने नहीं दिया जा रहा है। उनके परिवाद एक खिड़की से ही लिए जा रहे हैं।

### फिरौती के मामले में पांच बदमाश गिरफ्तार

एक करोड़ की फिरौती के मामले में गिरफ्तार बदमाश रितिक बॉक्सर को हनुमानगढ़ के डॉ. पारसमल जैन से एक करोड़ की फिरौती मांगने के मामले में रिमांड पर लिया हुआ है। डॉ. पारस ने 27 जनवरी को टाउन थाना में केस दर्ज कराया था। टाउन थाना प्रभारी दिनेश सारण के अनुसार फिरौती के इस मामले में रितिक बॉक्सर समेत 5 बदमाशों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले रहमान उर्फ बबलू (18) पुत्र भार अली निवासी वार्ड पांच नई खुंजा, हनुमानगढ़ जंक्शन, चंदन सिडाना (19) पुत्र राकेश कुमार अरोड़ा निवासी सहजीपुरा, हनुमानगढ़ हाल मां अम्बे वैली कॉलोनी हनुमानगढ़ जंक्शन, डॉ। जैन की रैकी करने वाले मणिशंकर उर्फ मणिया उर्फ मणिसिंह (46) पुत्र गुरदेव सिंह निवासी वार्ड 1, गांव सतीपुरा को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

### कई लोगों पर गाज गिरने की संभावना

कांस्टेबल राकेश ढाका को लाइन हाजिर करने के बाद हनुमानगढ़ पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि अभी मामले की जांच की जा रही है कि गोली लापरवाही से चली या जानबूझकर चलाई गई। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। गोली चलने का यह मामला पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले की जांच के बाद कइयों पर गाज गिरने की भी संभावना है।

**मामला दर्ज होने के बाद से था फरार**

# टोडाभीम एमएलए के खिलाफ टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**बेधड़क** | करौली

करीब 1 महीने पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर टोडाभीम विधायक के विरुद्ध अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को थाना पुलिस की टीम द्वारा जयपुर में गांधीनगर फाटक नंबर 4 से डिटेन कर गिरफ्तार किया है।

जिसे रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा दिया गया। एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि 7 जून को मोहन लाल मीणा द्वारा थाना टोडाभीम पर रिपोर्ट देते हुए बताया कि 4 जून को राजन नारेडा मोनापुरा नाम के व्यक्ति ने टोडाभीम विधायक पृथ्वीराज मीणा की छवि को धूमिल करने की नियत से अशोभनीय शब्दों का प्रयोग कर एक पोस्ट अपनी फेसबुक आईडी से वायरल की।

मामले में कार्रवाई शुरू हुई तो आरोपी राजन लाल मीणा पुत्र कंचन लाल (36) निवासी मोनापुरा फरार हो गया। उसने एडीजे कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अपील भी की। लेकिन अपील खारिज हो गई। शनिवार को पुलिस ने गांधीनगर जयपुर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

निंबाहेड़ा में शनिवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में घायल पिता-पुत्र की मौत हो गई। पिता की उदयपुर ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई, जबकि पुत्र ने उदयपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार उखल्या थाना सदर निंबाहेड़ा निवासी 65 वर्षीय नानूराम पुत्र टोलू राम धाकड़ के पुत्र 30 वर्षीय किशोर की तबीयत खराब थी। उसके इलाज के लिए वे अपने पुत्र किशोर को लेकर बाइक से चित्तौड़गढ़ पहुंचे और डॉक्टर को दिखाने के बाद अपने गांव के लिए रवाना हो गए।

अरनिया पंथ के पास ओवरटेक के प्रयास में अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया और दोनों ही गंभीर घायल हो गए।

**आरोपी ने चिकित्सकों को बताया मां को** सांप ने काट लिया

# मां के इलाज का खर्च नहीं उठा पाया तो गला घोंट कर दी हत्या

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। कलयुगी बेटे ने इलाज का खर्च नहीं उठा पाने के कारण मां की गला दबाकर हत्या कर दी।

इस वारदात के बाद उसने बताया कि सांप के काटने से मां की जान गई है। हालांकि, पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर 36 घंटे में मामले का खुलासा कर दिया है। शाहपुरा थाना पुलिस के मुताबिक रहड़ गांव का रहने वाला 21 साल का युवक गुरुवार को अपनी मां शहनाज बानो को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां पर उसने डॉक्टरों को बताया कि उसकी मां को सांप ने काट लिया है। हालांकि, उसकी मां के शरीर पर सांप के काटने का कोई निशान नहीं था। इस पर डॉक्टरों को शक हुआ और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।



पुलिस ने आरोपी से सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने अपना गुनाह कबूल किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी मां की उम्र 41 थी और वो काफी दिनों से बीमार थी। ऐसे में आए दिन दवाईयां लानी पड़ती थी। ऐसे में पैसों की भी किल्लत होती थी। आरोपी बोला- मां की बीमारी का खर्चा ज्यादा होने के कारण उसे मौत के घाट उतारने का प्लान बनाया। इसके बाद उसने गला घोंटकर मां की हत्या कर दी।

**जन्मदिन मनाने के लिए** दोस्तों के साथ गया था बांध पर

# करौली में दो युवकों की डूबने से मौत

**बेधड़क** | करौली

जिले के मामचारी बांध पर 7-8 दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेशन करने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से भारी मशक्कत के बाद दोनों दोस्तों के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने दोनों दोस्तों के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार रिंकू मीणा पुत्र मुरारी मीणा ग्राम पंचायत के गांव चैनपुरा का रहने वाला था। रिंकू का विगत दिन बर्थडे था। रिंकू अपने दोस्त संजय एवं 7 अन्य दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेशन के लिए मामचारी बांध पर गया था। रिंकू और संजय दोनों बांध में नहाने के लिए उतर गए और अन्य दोस्त बांध के किनारे बैठे रहे नहाते-नहाते दोनों दोस्त पानी की गहराई में चले गए और डूबने लगे।

दोस्तों को डूबता देख एक दोस्त ने अन्य दोस्तों को आवाज लगाई। मदद के लिए तीसरा दोस्त पानी में कूद गया, लेकिन पानी गहराई अधिक होने के कारण वह आगे नहीं जा सका और रिंकू और संजय पानी में डूब गए। दोनों दोस्तों के पानी में डूबने की सूचना पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और अन्य दोस्तों ने पुलिस और रिंकू मीणा के परिजनों को दी।



**दोनों कर रहे थे रेलवे परीक्षा की तैयारी**

बताया गया है कि रिंकू और संजय दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे एयर दोनों गंगापुर सिट में रहकर रेलवे भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। दोनों दोस्तों की मौत भी साथ-साथ हुई।

**सांसद ने कलेक्टर को लिखा पत्र**

# हाईटेंशन का तार टूटा, करंट से 100 भेड़-बकरियां मरी

**बेधड़क** | बाड़मेर

जिले में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से 100 से अधिक भेड़-बकरियों के मरने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से पीड़ित पशु पालक के परिजन रो रहे हैं। वहीं, नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने बाड़मेर कलेक्टर को पत्र लिखकर पशुपालक को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

पशुपालक प्रतापराम ने बताया कि गुड़ामालानी उपखंड क्षेत्र के बारूड़ी गांव में घर से कुछ ही दूर खेत में पशु बाड़े में भेड़-बकरियां बंधी हुई थीं। उन्होंने बताया कि बाड़े के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन अचानक टूटकर गिर गई। इससे करंट की चपेट में आने से भेड़-बकरियों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लाइट को बंद करवाकर डिस्कॉम के अधिकारियों को सूचित किया। इस घटना के बाद से पीड़ित पशुपालक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पशुपालक प्रतापराम ने बताया कि बिजली कार तार टूटकर गिरने से 70 भेड़ और 50 बकरियों की करंट लगने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पशुपालन से ही घर का गुजारा चलता था, अब पालन-पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भजनलाल बिश्नोई ने बताया कि बिजली का तार टूटने से हादसा हुआ है और पीड़ित परिवार के लोग थाने में डिस्कॉम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने गए है।



### सांसद ने की पशुपालक को सहायता देने की मांग

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो एवं नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने इस घटना को लेकर बाड़मेर जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि बारूड़ी के निवासी पशुपालक प्रतापराम देवासी की 100 से भी अधिक भेड़-बकरियों की मौत विद्युत की हाईटेंशन लाइन गिरने की वजह से हो गई है। इस मामले को लेकर स्थानीय लोग विद्युत निगम की लापरवाही मानते हुए संबंधित पशुपालक को आर्थिक सहायता देने की मांग कर रहे है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में भेड़-बकरियों की मौत हो जाना पशुपालक के लिए गहरा आघात है। इस मामले में अधिकतम सरकारी आर्थिक सहायता दिलवाने के लिए मौका रिर्पोट मंगवाकर आवश्यक कार्रवाई करें।

# ट्रेन से उतरते समय पिता पुत्री गिरे, दोनों की मौत

**बेधड़क** | सिरोही

आबूरोड रेलवे स्टेशन पर रविवार दोपहर में एक बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें बेटी और पिता की मौत हो गई। हादसे के बाद रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। जीआरपी थानाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि साबरमती-जोधपुर ट्रेन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर रुकी थी।

उसी दौरान आहोर के भैसावाड़ा निवासी हाल आबूरोड भीमाराम अपने परिवार के साथ आबूरोड से जवाई बांध जा रहे थे। भीमाराम ने अपनी 5 वर्षीय बेटी मोनिका को ट्रेन में चढ़ाया, इतने में ट्रेन रवाना हो गई। भीमाराम की पत्नी ट्रेन में नहीं चढ़ पाई थी, जिस पर भीमाराम अपनी बेटी को ट्रेन से नीचे उतारने के लिए भागा और बेटी को उतार रहा था। उसी दौरान दोनों अनियंत्रित होकर प्लेटफार्म से नीचे से गिर गए।




आनन-फानन में मौके पर आसपास के लोग, जीआरपी पुलिस और आरपीएफ टीम पहुंची और दोनों को बाहर निकाल राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सको ने भीमारम (36) व उसकी पुत्री मोनिका (5) को मृत घोषित कर दिया।

## जरूरी खबर

### NSUI ने चलाया 'ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस' अभियान



**जयपुर।** राजस्थान विश्व विद्यालय में रविवार को एनएसयूआई ने 'ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस' अभियान चलाया। इकाई अध्यक्ष अक्षय सिंह ने बताया कि प्रदेश प्रभारी गुरजोत संधू के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में लगे साइन बोर्ड पर लगे पोस्टर बैनर को हटाकर साफ किया गया। वहीं, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने परिसर में फेले कचरे को इकट्ठा कर कचरा पात्र में डाला गया। प्रभारी संधू ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी युनिवेर्सिटी में आने वाले नए बच्चों को सकारात्मक देने का प्रयास किया है। वहीं, आने वाले स्टूडेंट्स को विभाग ढूंढने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इसलिए इस अभियान को चलाया गया। इकाई अध्यक्ष अक्षय सिंह ने बताया कि हर रविवार को ग्रीन कैंपस ग्रीन कैंपस अभियान चलाया जाएगा।

### मादा लेपर्ड का मिला शव, जांच में प्राकृतिक मौत

**जयपुर।** नाहरगढ़ सेंचुरी के मायला बाग क्षेत्र में रविवार को मादा लेपर्ड का शव मिला। वन विभाग की ओर से यह शव करीब 4 से 5 दिन पुराना बताया गया। दरअसल उनका कहना है कि बारिश का दौर जारी है। ऐसे में ऊंचाई से गिरने से भी लेपर्ड की मौत हो सकती है। हालांकि, पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की असली वजह का पता चल सकेगा। प्रारंभिक तौर पर इसकी मौत प्राकृतिक होना सामने आया है। गौरतलब है कि रविवार को सुबह वन विभाग की टीम नाहरगढ़ सेंचुरी एरिया में गश्त कर रही थी। तभी उन्हें पेड़ के नीचे मादा लेपर्ड का शव मिला, जो बारिश की वजह से डीकंपोज होने लगा था। ऐसे में वनपाल शंकर सिंह मीणा ने वन विभाग के स्टाफ के साथ लेपर्ड की बॉडी को रिकवर कर पांच बत्ती स्थित पशु चिकित्सालय में पहुंचाया

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## JCTO कल्पेश चौधरी ने एक ही दिन में दो जगह की महिलाओं से अभद्रता

# मानसरोवर से 3 घंटे पहले भी RU में छात्रा से की थी छेड़छाड़

बेधड़क | जयपुर

जूनियर कॉमर्शियल टैक्स ऑफिसर (जेसीटीओ) कल्पेश चौधरी ने रजत पथ पर छेड़छाड़ करने से 3 घंटे पहले राजस्थान विश्वविद्यालय में भी एक छात्रा से अभ्रदता की थी। उस मामले में विश्वविद्यालय के एक महिला छात्रावास में रहने वाली छात्रा ने 30 जून को शिकायत गांधीनगर थाने में दी, लेकिन 3 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की। पीड़िता शिकायत के बारे में विश्वविद्यालय प्रशासन तक को अवगत करवाया और घटना के बारे में सूचना कुलपति प्रो.राजीव जैन, चीफ वार्डन प्रो. ममता जैन, अपने हॉस्टल की वार्डन और डिपार्टमेंट के हैड तक को दी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं, पुलिस भी मामले को दबाने में जुटी हुई है। छात्रा ने अंग्रेजी में लिखकर दी अपनी शिकायत में बताया कि रिसर्च स्कॉलर अशोक महला और जेसीटीओ कल्पेश चौधरी सहित 4 लोगों ने उसके भाई के सामने उसके साथ अभद्रता की। शिकायत में छात्रा ने यह घटना 26 जून रात 10:30 बजे की बताई हैं। सूत्रों की माने तो जेसीटीओ चौधरी व उसके साथियों ने अपने एक अन्य आरपीएस साथी का जन्मदिन की पार्टी कर पहले 10:30 बजे विवि में और उसके बाद मानसरोवर में दोनों घटनाओं को अंजाम दिया। जेसीटीओ व उसके सार्थियों ने जिस स्कॉर्पियो से मानसरोवर में छेड़छाड़ थी। उसी से पीड़िता छात्रा का उसके भाई के सामने हॉस्टल तक पीछा किया। हॉस्टल तक प्रवेश कर छात्रा को गाड़ी के साइड मिरर से टक्कर मारकर गिरा दिया। छात्रा ने बताया कि उन्होंने पूरे मामले को लेकर मेडम को भी बता दिया था, लेकिन इस अभद्रता करने वालों पर अभी तक भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।



### मानसरोवर पुलिस ने पकड़ा था जेसीटीओ कल्पेश को

विवि के बाद में रात करीब 1:30 बजे सरेराह युवतियों से छेड़छाड़ करने के अन्य मामले में शनिवार को मानसरोवर थाना पुलिस ने जेसीटीओ कल्पेश चौधरी को गिरफ्तार किया था। 27 जून को परिवादी ने रिपोर्ट दी कि उसकी बहन, मामा का लड़का, लड़की के साथ मालवीय नगर से मानसरोवर रजत पथ अपने घर रात करीब एक बजे आ रहे थे। तभी स्कॉर्पियो नंबर 3477 वालों ने हमारी गाड़ी का शिप्रापथ रोड से पीछा करने लगे तथा जोर-जोर से हॉर्न बजाने लगे और हमारी गाड़ी के आगे लगाकर मारपीट करने लग गए। इस मामले में पुलिस ने जेसीटीओ सहित 3 को गिरफ्तार किया, वहीं प्रवीण की तलाश जारी है। इसी 3477 स्कॉर्पियों में सवार इन्हीं लोगों के खिलाफ गांधीनगर में परिवाद दर्ज हुआ।

### केवल करते रहे मीटिंग

पीड़िता की ओर से 30 जून को लिखित शिकायत देने पर भी विवि प्रशासन ने कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की। हॉस्टल वार्डन, पीड़ित पक्ष, महिला हॉस्टल चीफ वार्डन ने 1 जुलाई को इस संबंध में केवल मीटिंग कर ली, लेकिन मामले को सीरियस नहीं लिया। अब फिर मिटिंग का समय दे दिया

### थानाधिकारी बोले

"पीड़िता की ओर से परिवाद मिला, लेकिन जब उसे बयान के लिए बुलाया तो उसने एक आरोपी की ओर से माफी मांगने और दूसरे से बातचीत चलने का हवाला देते हुए कोई कार्रवाई नहीं करने को कहा।

**सुरेन्द्र यादव**, थानाधिकारी, गांधीनगर

## प्रशासन की खुल रही पोल, सहायता के नाम पर बस मिट्टी के कट्टे

# श्याम नगर में धंसी रोड, गड्ढा इतना बड़ा कि ट्रक समा जाए

बेधड़क | जयपुर

शहर में शनिवार देर रात हुई बारिश से श्याम नगर के अयोध्या मार्ग पर 15 फीट गहरा और 10 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। फिलहाल जेडीए ने सड़क में हुए गड्ढे में मिट्टी के कट्टे भर दिए हैं और मार्ग को बेरिकेड लगा कर रोक दिया है। इसी तरह के हालात शहर में कई स्थानों पर हैं। बारिश से सड़कों पर गड्ढे हो रहे हैं, तो कहीं सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है, लेकिन प्रशासन समाधान के नाम पर सिर्फ मिट्टी के कट्टे ही दे रहा है। घटना से स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है।

लोगों की सूचना पर स्थानीय विधायक प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। मंत्री ने मौके पर ही जेडीए और निगम अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।



### शहर में कई जगह धंस रही सड़कें, लेकिन विभाग बेखबर

मानसून की शुरुआत में ही शहर में कई जगहों पर सड़के धंस रही है। शहर मुख्य मार्ग गोपालपुरा, जेएलएन मार्ग, जवाहर नगर और परकोटे के कई इलाकों में भी बारिश से सड़के धंस रही हैं, लेकिन नगर निगम और जेडीए अपनी आंख मूंद कर बैठा है। इन सब जगह पर गड्ढों की मुख्य वजह सीवर लाइन की जर्जर हालत है। शुरू में बारिश से छोटे गड्ढे हो रहे है, बाद में ये बड़े होल बन जाते हैं, जिससे बड़ी जनहानि भी होने का डर है। प्रशासन सिर्फ मिट्टी के कट्टे डाल कर इति श्री कर लेता है। पिछले साल भी चौमूं हाउस पर हुए बड़े गड्ढे में कई वाहन उसमें समा गए थे।

### 35 साल पुरानी सीवर लाइन बड़ी वजह

श्याम नगर विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप गुगलिया ने बताया कि पूरी कॉलोनी में 35 साल पुरानी सीवरेज लाइन है, जो लगातार लीक हो रही है। इसकी वजह से आए दिन सड़क पर विशालकाय गड्ढे हो रहे हैं। कई बार मंत्री और जेडीए को शिकायत दे चुके, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अयोध्या मार्ग पर सीवरेज लाइन को दुरुस्त करने की जगह नई लाइन डाली जाए तब ही इसका समाधान हो पाएगा।

### एक माह में तीन बार धंसी सड़क

लोगों का आरोप है कि पिछले एक महिने में ही सड़क तीन बार धंस चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ मिट्टी के कटटे डाल कर पल्ला झाड़ लेते है। शनिवार रात को हुई बारिश फिर से सड़क पर हुए गड्ढे से बड़ा हादसा होते होते बच गया। इससे पहले भी श्याम नगर में 10 और 18 जून को सड़क धंस चुकी है। 10 जून को तो पूरा ट्रक ही सड़क में समा गया था। तब भी मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास मौके पर आए थे और इसका जल्द समाधान करने के लिए अधिकारियों को बोला था, लेकिन एक माह में जेडीए और नगर निगम की ओर से सिर्फ खानापूर्ति कर मामले को दबा दिया गया।

## संभाला कार्यभार

# ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज वायु सेना स्टेशन जयपुर के नए कमांडर बने

बेधड़क | जयपुर



ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज वायु सेना स्टेशन जयपुर के नए कमांडर बन गए हैं। भारद्वाज ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने ग्रुप कैप्टन दावेश सिंह, वीएसएम का स्थान लिया। भारद्वाज को भारतीय वायु सेना के वैमानिक अभियांत्रिकी (इलेक्ट्रॉनिक्स) शाखा में 26 नवंबर 1996 को कमीशन प्राप्त हुआ था।

उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी में एमएन आईटी, जयपुर से बी टेक और आईआईटी, रुड़की से संचार प्रणाली में एमटेक की डिग्री प्राप्त की है। वे कॉलेज ऑफ एयर-वारफेयर, सिकंदराबाद के भी पूर्व छात्र रहे हैं। वायु सेना स्टेशन जयपुर का कार्यभार ग्रहण करने से पहले यह रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के विकास और तैनाती के लिए डीआरडीओ हैदराबाद में पोस्टेड थे। इन्हें सामरिक रडार प्रणाली, अंतरिक्ष अनुप्रयोग, वायु रक्षा और संचार प्रणाली के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है।

### पुलिस देगी आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी में सोमवार से 10 दिन के लिए महिला शारीरिक शिक्षकों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रेनिंग लेने के बाद ये अपनी-अपनी स्कूल में छात्राओं को प्रशिक्षण देंगी। आरपीए के सहायक निदेशक प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया कि 3 जुलाई से 14 जुलाई तक महिलाएं व छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने और उन्हें अधिकारों के बारे में सजग करने के उद्देश्य से ट्रेनिंग दी जाएगी।

## सच बेधड़क की मुहिम को मिल रहा समर्थन

# पूर्व सैनिक बोले- हम संभालेंगे व्यवस्था

बेधड़क | जयपुर

अस्पतालों में वसूले जा रहे पार्किंग शुल्क के खिलाफ जहां आमजन खड़ा होता दिखाई दे रहा है, वहीं पूर्व सैनिक संगठनों ने इसे तुरंत बंद करने की मांग करते हुए कहा है कि सरकार चाहेगी तो हम संभालेंगे व्यवस्था। पूर्व सैनिकों ने यह भी पेशकश की है कि प्रदेश सरकार चाहे तो फ्री पार्किंग व्यवस्था में सेना से रिटायर्ड सैनिकों की मदद ले सकती है।

इन संगठनों का कहना है कि राज्य सरकार हमारी मदद से सरकारी अस्पतालों में आम जनता को मुफ्त पार्किंग उपलब्ध करवा सकती है। गौरतलब है कि सच बेधड़क की ओर से सरकारी अस्पतालों में पार्किंग व्यवस्था फ्री करवाने को लेकर मुहिम चलाई जा रही है।


बिग इश्यू: यह खबर नहीं, जनता का 'बेधड़क सवाल' है...
जरा सोचिए सरकार
अस्पतालों में इलाज, दवा, जांच 'सब फ्री' तो पार्किंग शुल्क वसूली क्यों?
जनप्रतिनिधियों के बेधड़क बोल... सरकार हटाए पार्किंग शुल्क

"मुहिम अच्छी है इसके बाद आम जनता को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा। हम आम जनता के लिए अगर सरकार चाहे तो फ्री पार्किंग व्यवस्था को संभाल सकते हैं। इससे आमजन को जहां सहूलियत मिलेगी, वहीं पार्किंग व्यवस्था के मैनेजमेंट को अच्छे से संभाला जा सकेगा।

**कमांडो मुकेश**, राजस्थान प्रदेश महामंत्री भूतपूर्व सैनिक विकास समिति

"सेना के जवानों को सरकार पार्किंग की व्यवस्था संभालने के लिए लगाया जा सकता है। हम यह व्यवस्था संभालने के लिए तैयार हैं। हम केवल इतना सा चाहते हैं कि सरकार बस हमारी गरिमा का ध्यान रखे। हम आसानी से आम जनता के साथ सामंजस्य बिठाकर इस व्यवस्था को संभाल लेंगे।

**कर्नल देव आनंद लोहामरोड़**, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भूतपूर्व सैनिक विकास समिति

## जयपुर में एक बार फिर प्रॉपर्टी कारोबारी पर फायरिंग, कार लेकर भागे बदमाश

# फिरौती नहीं दी तो पैर में मारी गोली

बेधड़क | जयपुर

मालपुरा गेट थाना इलाके में रविवार को एक प्रॉपर्टी कारोबारी गणेश चौधरी को दिन दहाड़े गोली मारकर घायल कर दिया। चौरड़िया पेट्रोल पंप स्थित ऑफिस में बैठे प्रॉपर्टी कारोबारी पर हथियार लेकर आए तीन बदमाशों ने दो घंटे तक बंधक बनाकर मारपीट की और एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। फिरौती के पैसे नहीं देने पर बदमाशों ने कारोबारी के पैर में तीन गोली मार दी, जिससे कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया।



गोली मारने के बाद बदमाश कारोबारी की लग्जरी कार लेकर फरार हो गए। कारोबारी के एक से अधिक गोली पैर में लगी है जिसके बाद उसे जवाहर सर्किल स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार फिलहाल कारोबारी की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने पर्चा बयान लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

घटना के बाद सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी ने पुलिस प्रशासन से जल्द जल्द से बदमाशों को पकड़ने की मांग की। थानाप्रभारी सतीश चन्द ने बताया कि हाज्यावाला निवासी गणेश चौधरी का चौरड़िया पेट्रोल पंप पर पूजा एंटरप्राइजेज के नाम से ऑफिस है। रविवार को दोपहर करीब दो बजे वह तीन साथियों के साथ बैठा था। तभी तीन बदमाश ऑफिस में घुसे और सभी को बंधक बनाकर मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिए। करीब दो घंटे बाद बदमाश उसके पैरो में गोली मारकर भाग गए।

## संविदा कर्मी 17 जुलाई को करेंगे विधानसभा घेराव

# भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर केंद्र सरकार के खिलाफ करेंगे आंदोलन

बेधड़क | जयपुर

केंद्र सरकार द्वारा श्रम कानून में बदलाव करने के विरोध में कर्मचारी संगठनों ने देशव्यापी आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर प्रदेश कर्मचारी संगठन ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) के बैनर तले राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समर्थन में प्रदेश भर में 9 अगस्त को प्रदर्शन करेंगे।

एटक के प्रदेश अध्यक्ष एमएल यादव ने बताया कि एटक जयपुर जिले के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को बनीपार्क में हुई। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार श्रमिक वर्ग पर चौतरफा हमला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर 9 अगस्त को देशव्यापी श्रमिकों के पड़ाव का कार्यक्रम होगा। वहीं, जयपुर में भी श्रमिकों द्वारा पड़ाव डाला जाएगा।




### 12 घंटे की प्रथा हो रही मजबूत

महासचिव कुणाल रावत ने कहा कि देश के 45 करोड़ मजदूरों को जीवन-यापन योग्य न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा के अन्तर्गत स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा एवं पेंशन आदि की सुविधा भी नहीं दी जा रही है। औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1946 में 16 मार्च, 2018 को संशोधन कर स्थायी नियोजन को समाप्त कर दिया है और फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट का मार्ग प्रशस्त कर इसे पूर्ण रूप से प्रबंधन पक्षीय बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि 138 वर्ष पहले मजदूरों का आठ घंटे की कार्यवधि तय हुई थी जो अब बारह घंटे की कार्यावधि की प्रथा मजबूत हो रही है। बैठक के राजस्थान बैंक एम्प्लॉयीज के महेश मिश्रा, रोडवेज यूनियन के महासचिव धर्मवीर चौधरी, केंद्रीय कर्मचारियों के नेता भागीरथ मल सुंडा, जनरल इंश्योरेंस एम्प्लोयीज यूनियन के नेता संजय बग्गा, सहित कई कर्मचारी संगठन के नेता मौजूद रहे।

### विधायक को सौंपा ज्ञापन

इंटर डिस्कॉम तबादले की मांग को लेकर 76 वें दिन भी डिस्कॉम कर्मियों का धरना जारी रहा। रविवार को इंटर डिस्कॉम संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामकेश मीणा के नेतृत्व में बस्सी विधायक लक्ष्मण मीणा को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विधायक मीणा से मिलकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से वार्ता कर तबादलों को लेकर जल्द समाधान कराने का निवेदन किया।

### महापड़ाव किया स्थगित

धरने पर बैठे सविंदाकर्मियों ने प्रस्तावित 3 जुलाई के महापड़ाव को स्थगित कर दिया। सयुंक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी ने बताया कि सरकार का अंतिम विधानसभा सत्र 14 जुलाई से शुरू होने जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 1 लाख से अधिक संविदा कर्मियों की मांग को लेकर 17 जुलाई को विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

गुरु पूर्णिमा पर विशेष

# गुरु शिष्य परंपरा का उत्सव


रमेश सर्राफ धमोरा
समीक्षक



*“गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरंभ में आती है। इस दिन से चार महीने तक साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ होते हैं। न अधिक गर्मी और ना अधिक सर्दी। इसलिए अध्ययन के लिए उपयुक्त माने गए हैं। जैसे सूर्य के ताप से तृप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है। वैसे ही गुरु-चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शांति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। यह दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिन भी है। वे संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे और उन्होंने चारों वेदों की भी रचना की थी। इस कारण उनका एक नाम वेद व्यास भी है।”*

गुरु पूर्णिमा गुरु और शिष्य की परंपरा के लिए विशेष उत्सव होता है। गुरु अपने ज्ञान से शिष्य को सही मार्ग पर ले जाते हैं। इसलिए गुरुओं के सम्मान में हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु के अलावा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। उनकी जन्मतिथि के उपलक्ष्य में पूजा की जाती है। गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने अपने पहले सात शिष्यों सप्तऋषियों को सबसे पहले योग का ज्ञान प्रदान किया था। इस प्रकार आदियोगी शिव इस दिन आदिगुरु यानी पहले गुरु बने। सप्तऋषि इस ज्ञान को लेकर पूरी दुनिया में गए।

*आज के भागदौड़ भरे भौतिकतावादी समाज में हमे गुरु की बहुत अधिक जरूरत होती है। गुरु का महत्व सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नही बल्कि व्यापक अर्थ में देखने को मिलता है। अब तो आध्यात्मिक शांति के लिए अनेक लोग किसी न किसी गुरु की शरण में चले जाते है। इसलिए हर भटके हुए व्यक्ति को सही मार्ग दिखाने का काम गुरु की कर सकता है। इसलिए गुरु का अर्थ बहुत व्यापक और बड़ा है। हम सभी को अपने गुरुजनों को कोटि-कोटि प्रणाम करना चाहिए।*

आज भी धरती की हर आध्यात्मिक प्रक्रिया के मूल में आदियोगी द्वारा दिया गया ज्ञान ही है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है। ताकि वह अपने भीतर ही सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। पारंपरिक रूप से गुरु पूर्णिमा का दिन वह समय है जब साधक गुरु को अपना आभार अर्पित करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। योग साधना और ध्यान का अभ्यास करने के लिए गुरु पूर्णिमा को विशेष लाभ देने वाला दिन माना जाता है। गुरु शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है और इसका गहन आध्यात्मिक अर्थ है। इसके दो अक्षरों गुरु में गु शब्द का अर्थ है अज्ञान। रु शब्द का अर्थ है आध्यात्मिक ज्ञान का तेज जो आध्यात्मिक अज्ञान का नाश करता है।

संक्षेप में गुरु वे हैं जो मानव जाति के आध्यात्मिक अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाते हैं और उसे आध्यात्मिक अनुभूतियां और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हैं। गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरंभ में आती है। इस दिन से चार महीने तक साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ होते हैं। न अधिक गर्मी और ना अधिक सर्दी। इसलिए अध्ययन के लिए उपयुक्त माने गए हैं। जैसे सूर्य के ताप से तृप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है। वैसे ही गुरु-चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शांति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। यह दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिन भी है। वे संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे और उन्होंने चारों वेदों की भी रचना की थी। इस कारण उनका एक नाम वेद व्यास भी है। उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। भक्तिकाल के संत घीसादास का भी जन्म इसी दिन हुआ था। वे कबीरदास के शिष्य थे। गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है, वैसी ही गुरु के लिए भी।

सिख धर्म में भी गुरु को भगवान माना जाता है। इस कारण गुरु पूर्णिमा सिख धर्म का भी अहम त्योहार है। सिख धर्म केवल एक ईश्वर और अपने दस गुरुओं की वाणी को ही जीवन का वास्तविक सत्य मानता है। आषाढ़ की पूर्णिमा को चुनने के पीछे गहरा अर्थ है कि गुरु तो पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह हैं। जो पूर्ण प्रकाशमान हैं और शिष्य आषाढ़ के बादलों की तरह। आषाढ़ में चंद्रमा बादलों से घिरा रहता है जैसे बादल रूपी शिष्यों से गुरु घिरे हों। गुरु अंधेरे में भी चांद की तरह चमक सके। उस अंधेरे से घिरे वातावरण में भी प्रकाश जगा सके तो ही गुरु पद की श्रेष्ठता है। इसलिए आषाढ़ की पूर्णिमा का महत्व है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रति वर्ष गुरु पूर्णिमा उत्सव अपनी सभी शाखाओं पर मनाता है। संघ के छह उत्सवों में से एक गुरु पूर्णिमा भी है। गुरु पूर्णिमा के दिन देश में संघ की सभी शाखाओं पर स्वयंसेवक इस उत्सव को मनाएंगे। संघ के स्वयंसेवक किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि भगवा ध्वज को अपना गुरु मानते हैं। उस दिन भगवा ध्वज की पूजा करने के साथ-साथ गुरु के प्रति जो भी बनता है, वह समर्पण भी करते हैं। संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने स्वयंसेवकों के लिए गुरु पूजा प्रारंभ की। यह गुरु कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि भगवा ध्वज है। संघ तत्व पूजा करता है, व्यक्ति पूजा नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने गुरु के स्थान पर भगवाध्वज को स्थापित किया है। भगवाध्वज त्याग, समर्पण का प्रतीक है। स्वयं जलते हुए सारे विश्व को प्रकाश देने वाले सूर्य के रंग का प्रतीक है।

संपूर्ण जीवों के शाश्वत सुख के लिए समर्पण करने वाले साधु, संत भगवा वस्त्र ही पहनते हैं। इसलिए भगवा, केसरिया त्याग का प्रतीक है। महान संत कबीरदास जी ने गुरु के महत्व को इस तरह बताया है- गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागु पांय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय। अर्थात यदि भगवान और गुरु दोनों सामने खड़े हो तो गुरु के चरण पहले छूना चाहिए क्योंकि उसने ही ईश्वर का बोध करवाया है। गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा है। प्रसिद्ध सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य को अपना गुरु बनाकर ही राज सिंहासन पाया था। इतिहास में हर महान राजा का कोई न कोई गुरु जरूर था। गुरु और शिष्य का रिश्ता बहुत मधुर होता है। प्राचीन भारत में आज की तरह स्कूल, कॉलेज नहीं होते थे। उस समय गुरुकुल प्रणाली द्वारा शिक्षा दी जाती थी। समाज के सभी वर्गों के बालक गुरुकुल जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे।

वो गुरुकुल (आश्रम) में ही रहकर शिक्षा प्राप्त करते थे। नेपाल में इसे गुहा पूर्णिमा के रूप में मनाते है। छात्र अपने गुरु को स्वादिष्ट व्यंजन, फूल मालाएं, विशेष रूप से बनाई गई टोपी पहनाकर गुरु का स्वागत करते हैं। स्कूल में गुरु की मेहनत को प्रदर्शित करने के लिए मेलों का आयोजन किया जाता है। इस दिवस को मनाकर गुरु-शिष्य का रिश्ता और भी मजबूत हो जाता है। गुरु का आशीर्वाद सबके लिए कल्याणकारी और ज्ञानवर्धक होता है। इसलिए इस दिन गुरु पूजन के उपरांत गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। आज के भागदौड़ भरे भौतिकतावादी समाज में हमें गुरु की बहुत अधिक जरूरत होती है। गुरु का महत्व सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि व्यापक अर्थ में देखने को मिलता है। अब तो आध्यात्मिक शांति के लिए अनेक लोग किसी न किसी गुरु की शरण में चले जाते हैं। इसलिए हर भटके हुए व्यक्ति को सही मार्ग दिखाने का काम गुरु की कर सकता है। इसलिए गुरु का अर्थ बहुत व्यापक और बड़ा है। हम सभी को अपने गुरु जनों को कोटि-कोटि प्रणाम करना चाहिए। उन्होंने जो ज्ञान हमें दिया उनका मूल्य कभी भी नहीं चुकाया जा सकता है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु यंत्र की स्थापना करने से जीवनभर सौभाग्य में कमी नहीं होती है। हर कार्य पूरे होते हैं। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलती है।

गुरु पूर्णिमा उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरुजनों को समर्पित परम्परा है, जिन्होंने कर्म योग आधारित व्यक्तित्व विकास को प्रबुद्ध करने, बहुत कम अथवा बिना किसी मौद्रिक खर्चे के अपनी बुद्धिमत्ता को साझा करने के लिए तैयार हों। गुरु पूर्णिमा को भारत, नेपाल और भूटान में हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म के अनुयायी उत्सव के रूप में मनाते हैं। महात्मा बुद्ध ने इस दिन उत्तर प्रदेश के सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

## आना मानसून का समय पर!


पूरन सरमा
व्यंग्यकार

इन दिनों राजनीतिक हलकों में इस बात को लेकर काफी चिंता है कि इस बार मानसून समय पर आ रहा है। गोया मानसून को समय पर नहीं आना चाहिए और यदि आए भी तो सरकारी स्वीकृति से आए वरना मानसून की कोई जरूरत ही नहीं है। पार्टी कार्यकर्ता से लेकर मंत्री-मुख्यमंत्री सब परेशान हैं कि मानसून समय पर क्यों आ रहा है। मानसून आ गया तो अकाल और सूखे का क्या होगा? मुख्यमंत्री मिले तो मैंने कहा-'लीजिए साब, इस बार मानसून समय पर आ रहा है!' मुख्यमंत्री बौखला गए-'यह क्या कह रहे हो। इस देश में कुछ भी समय पर नहीं हो रहा फिर यह मानसून मरा समय पर क्यों आ रहा है।

कुछ करो यार मानसून को टालने के उपाय।' मैं बोला-'जनता मानसून लाने के लिए हरिकीर्तन कर रही है और आप उसे टालना चाहते हैं। मेरी समझ में नहीं आता आप इतने परेशान क्यों हैं मानसून से। मानसून का समय है तो वह आएगा ही।' मुख्यमंत्री के चेहरे पर निराशा के बादल छा गए, आंखों में उदासी की घटाएं घुमड़ीं। वे बोले-'सच तो यह है कि केन्द्र सरकार को नब्बे करोड़ की सहायता के लिए कहा हुआ है। वर्षा आ गयी तो भला यह राशि कैसे मिलेगी? राहत सामग्री का वितरण पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अनिवार्य है। जहां तक असन्तुष्टों का सवाल है सूखे व अकाल के बहाने वे भी मंत्री बने इस सूखे-अकाल के सहारे चुप्पी साधे हुए हैं।

मानसून आते ही सब सिर उठा लेंगे।' 'तब तो वाकई चिंता की बात है। मानसून आने से राजनीतिक अस्थिरता बढ़ने वाली है तो राष्ट्रीय अशांति का खतरा है। हमें इस दिशा में वैज्ञानिकों का सहयोग लेना चाहिए।' मैंने कहा। मुख्यमंत्री बोले-'वैज्ञानिकों का कोई दोष नहीं है। वे तो अच्छा कॉपरेट कर रहे हैं। देख नहीं रहे पिछले तीन दशक में मौसम व पर्यावरण किस कदर बदल गए हैं। पर्याप्त वर्षा के स्थान पर बूंदा-बांदी हो रही है। फिर वर्षा वहां हो रही जहां इसकी जरूरत नहीं है।' 'ऐसा नहीं हो सकता कि वर्षा जोरों से आए और बाढ़ आ जाए ?' 'हां-फिर वर्षा आए तो इतनी जोरों से कि बाढ़ से जनजीवन त्रस्त हो जाए। बाढ़-राहत का कार्य भी ऐसा ही है। जिसमें सारा मंत्रिमण्डल उनके अमचों-चमचों सहित व्यस्त रहता है।'

मुख्यमंत्री ने कहा। मैं बोला-'सच तो यह है मुख्यमंत्रीजी कि मानसून को समय पर नहीं आना चाहिए।' 'लेकिन करें क्या?' तभी वहां मंत्रीजी आ धमके और सिर लटकाकर मुख्यमंत्रीजी से बोले-'आज का पेपर पढ़ा आपने?' 'हां-पढ़ा है। इस बार मानसून समय पर आ रहा है।' 'हमें क्या करना है?' 'कार्यकर्ताओं से कहो कि जल्दी बाढ़ राहत शुरू करवाएंगे। बाढ़ आए या नहीं, हम केवल सामान्य वर्षा को भी जल प्लावन में तब्दील कर देंगे।' 'लेकिन एक प्राब्लम हैं सूखे-अकाल में जो थोड़े-बहुत काम हुए हैं वे बह जाएंगे।' 'आप कमाल करते हैं। फिजूल की चिंता करते हैं।

असली चिंता तो यह है कि राहत की कटौती हो जाएगी। चुनाव नजदीक हैं। बैंक बैलेंस नहीं बनाया तो कौन टिकट देखा और कौन वोट! तुम्हें पता होना चाहिए हमारे आलाकमानों ने स्विस बैंकों में करोड़ों के खाते खोले हैं और हम अभी लाखों भी नहीं कमा सके कि मानसून समय पर आ गया।' मैं बोला-'तो हो क्या गया। अगली बार विलम्ब से आ जाएगा मानसून फिर कमा लेना।' मंत्री बोले-'कब मुख्यमंत्री बदल जाएं और पुनर्गठन में कब हमारा पत्ता साफ हो जाए, कह नहीं सकते। समय कम है और काम ज्यादा। ऐसे हालात में मानसून का समय पर आना मुनासिब नहीं है।'


**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
बस थोड़ा इंतजार, आने वाला है कुछ शानदार।


**एकनाथ शिंदे,** मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
@mieknathshinde
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार उनके साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नौ विधायक भी महागठबंधन सरकार में शामिल हुए और राजभवन में मंत्री पद की शपथ ली, उम्मीद है कि उनके साथ आने से डबल इंजन सरकार अब बुलेट ट्रेन की रफ्तार से दौड़ेगी।


**संजय राउत,** सांसद राज्यसभा
@rautsanjay61
जिन्हें बीजेपी जेल भेजती है, उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली है।


**अजीत पवार,** उपमुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
@AjitPawarSpeaks
महाराष्ट्र के लोगों की इच्छा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में अपने सहयोगियों के समर्थन और विश्वास की ताकत के साथ, मैंने आज राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुझे विश्वास है कि मेरे पद का उपयोग लोगों के कल्याण के लिए, महाराष्ट्र के विकास के लिए किया जाएगा।


**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
एक इंसान को उसकी उपयोगिता से परिभाषित करने की आवश्यकता नहीं है, बस एक पूर्ण विकसित इंसान के रूप में विकसित होना ही काफी है।

**नॉलेज कॉर्नर:** यहां प्रत्येक बारह वर्ष में लगता है सिंहस्थ कुंभ

# आस्था और धर्म की नगरी है 'नासिक'

भारत भूमि पर कई धार्मिक नगर बसे हुए हैं। भारतीय संस्कृति की परिभाषा देने वाले इन स्थानों में एक नाम नासिक का भी शामिल है, जो महाराष्ट्र राज्य में आस्था और धर्म का बहुत बड़ा केंद्र माना जाता है। इसके अलावा नासिक चार कुंभ नगरों में से भी एक है। गोदावरी नदी के किनारे बसे इस नगर को न सिर्फ भारत में बल्कि अन्य देशों में भी जाना जाता है, बल्कि इसलिए हर वर्ष लाखों की संख्या में विदेशी पर्यटक यहां आते हैं। यह महाराष्ट्र का चौथा सबसे बड़ा शहर है। हिंदू तीर्थयात्रियों के लिए यह शहर विशेष स्थान रखता है। यहां प्रति बारह वर्ष में कुंभ मेले का आयोजन होता है। इसी के बारे में विस्तार से जानेंगे आज के कॉर्नर में...

## पंचवटी यहां का प्रमुख भाग

नासिक शहर का सबसे प्रमुख भाग पंचवटी है। जहां कई छोटे-छोटे मंदिर भी स्थित है। त्योहारों व विशेष पर्वों के समय में यहां भारी संख्या में लोग आते हैं। यहां के प्रमुख आकर्षण के केंद्र नीलकंठेश्वर मंदिर, कुंभ मेला, सीता गुंफा, सुंदरनारायण मंदिर, सोमेश्वर मंदिर, मोदाकेश्वर गणेश मंदिर, गोदा पार्क तथा रामकुंड है। मंदिरों की अधिक संख्या होने के कारण इसे आस्था के शहर रूप में भी जाना जाता है। यहां लगने



वाले कुंभ की खास बात है। नासिक में लगने वाले कुंभ मेले को सिंहस्थ के नाम से जाना जाता है, जो कि शहर का सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र है। दरअसल भारतीय पंचांग के अनुसार जब सूर्य कुंभ राशी में प्रवेश करता है, तब प्रयागराज में कुंभ मेले का आयोजन होता है, लेकिन अगर सूर्य सिंह राशी में प्रवेश कर जाता है, तब नासिक में कुंभ मेला लगता है, जिसे सिंहस्थ कहा जाता है।

## नासिक का इतिहास

नासिक का इतिहास काफी पुराना है। रामचरितमानस में भी इसका जिक्र किया गया है। बौद्ध धर्म से संबंधित गुफाओं से इस प्रकार के साक्ष्य मिले हैं, जिससे पता चलता है कि यहां कभी बौद्ध धर्म का भी वर्चस्व रहा होगा। जब मौर्य वंश का पतन हुआ तो यहां सातवाहन वंश ने शासन किया और इस प्रकार यह सातवाहनों की राजधानी बन गई। गौर करने वाली बात यह है कि यह वही वंश है, जिसने सीसे के सिक्के चलाए थे। मुगल काल के दौरान इस शहर का नाम बदलकर गुलशनबाद कर दिया गया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी नासिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**रामायण से जुड़े तथ्य**

*नासिक गोदावरी नदी के किनारे पर बसा हुआ है। इसके उत्तरी भाग में स्थित पंचवटी के बारे में कहा जाता है कि इस स्थान पर भगवान राम, सीता और लक्ष्मण ने कुछ समय बिताया था। यही कारण है कि पंचवटी प्रसिद्ध है। इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि इस स्थान पर सुर्पणखा की नाक कटी थी, इसलिए इसका नाम नासिक हुआ।*

**कंटेंट: सुप्रिया सरकार**


**साइबर फ्रॉड में लोगों से की जा रही ठगी की रकम हजारों से लेकर लाखों तक पहुंच रही हैं।**

## नाम किसी और का, काम किसी और का.. मकान-दुकान के बाद अब...

- अमूमन गैंग इसी पैटर्न पर करते हैं फ्रॉड
- किराए पर बैंक खाते लिए-दिए जा रहे हैं

# अब खाते भी किराए पर...



**डिजिटल की राह पर बढ़ रहे देश में अब साइबर फ्रॉड भी बढ़ रहे हैं। आए दिन साइबर ठगी की खबर सुनने को मिल रही है। कभी बैंक के नाम पर तो कभी बिजली निगम के नाम पर बेवकूफ बनाकर ठगी करने का धंधा खूब जोर पकड़ रहा है। रोज किसी ना किसी को सैकड़ों किमी दूर बैठ ठगा जा रहा है। इन सब के बीच एक नया ट्रेंड सामने आया है वो है किराए पर बैंक खाते देने का। बैंक खाता खुलवाओ और ठगों को दलालों के जरिए किराए पर दे दो। ठग एकमुश्त राशि या कमीशन के तौर पर उसका किराया देते हैं। अगर कभी पकड़ में आए भी तो पकड़ा जाता है बैंक अकाउंट वाला, जिसके खाते में ठगी की राशि जमा हुई है।**

### इन बातों का रखें ध्यान

- यदि ठगी हुई है तो नंबर 112 या 1930 पर तुरंत कॉल करें।
- कोई भी बैंक फोन पर केवाईसी अपडेट करने को नहीं कहता।
- अज्ञात नंबर से कोई लिंक आए तो उस पर क्लिक न करें।

## व्यूह ऐसा कि दंग रह जाएं

*'डिजिटल इंडिया' मुहिम के बाद भारत में ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करने की रफ्तार जिस गति से बढ़ी है, उसी गति से साइबर अपराध की शिकायतें भी आ रही हैं। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा समेत कई प्रदेशों में इस तरह की शिकायतें साइबर सेल के पास आ रही हैं। साइबर फ्रॉड में लोगों से की जा रही ठगी की रकम हजारों से लेकर लाखों तक पहुंच रही हैं। ठगी की इन वारदातों में एक ऐसा व्यूह रचा जाता है कि ठगने वाला कई किमी दूर बैठा होता है, वह विभिन्न संचार माध्यमों और सोशल मीडिया के जरिए दाना डालता है। शिकार फंसता है और फिर ठगी की रकम किसी तीसरे व्यक्ति के बैंक अकाउंट में जमा हो जाती है।*

## इस तरह होता है पैसा शिफ्ट



*पटना में पकड़े गए साइबर अपराधियों की जांच में सामने आया था कि गैंग के पास बड़ी संख्या में दूसरे लोगों के नाम से जारी हुए एटीएम व बैंक पास बुक प्राप्त हुई। इसमें अधिकतर लोग गरीब और मजदूर तबके के थे। पटना से ठगी का सारा गिरोह ऑपरेट किया जाता था, वहीं इन गरीबों के एटीएम कार्ड गिरोह के सदस्यों को वितरित कर दिए जाते थे। इनके जरिए गरीबों के नाम से खुलवाए हुए खातों में जमा हुए ठगी की रकम निकलवा ली जाती थी। गिरोह के ये लोग अलग-अलग एटीएम से जाकर पैसे निकालते थे। इसके बाद गिरोह के सरगना और अन्य प्रमुख लोगों के अकाउंट में शिफ्ट कर देते थे।*

## एक आदमी, 16 खाते



*ऐसा ही एक अलग मामला मुंबई के बोरीवली गवर्नमेंट रेलवे पुलिस में सामने आया। पुलिस ने एक 26 वर्षीय कैब ड्राइवर को गिरफ्तार किया है, जो अपने बैंक अकाउंट कथित तौर पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वालों को किराए पर देता था। गिरफ्तारी के बाद पता चला है कि आरोपी ने मुंबई के अलग-अलग बैंकों में जैसे- धारावी, माहिम और माटुंगा में 16 से ज्यादा अकाउंट खोल रखे थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने उस बैंक खाते के विवरण का पता लगाया जिसमें एक फ्रॉड केस से जुड़ी राशि ट्रांसफर की गई थी। हमने इसकी डिटेल्स मुहैया कराने के लिए बैंक को लिखा। जैसे ही डिटेल्स मिली। धारावी क्षेत्र से आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी के शहर के अलग-अलग बैंकों में 16 खाते थे। वह झारखंड में ऑनलाइन जालसाजों को अपने खाते देता था और उन बैंक खातों में जमा राशि का 10 प्रतिशत कमीशन लेता था।*

## बैंक अकाउंट ऑन रेंट

*देशभर में अलग-अलग जगह हुई वारदातों में यही सामने आया है कि साइबर ठगी करने वाले गैंग अमूमन इसी पैटर्न पर काम करते हैं। ठगी करने से पहले ही वे ऐसे बैंक अकाउंट्स का इंतजाम अपने पास रखते हैं, जिनमें ठगी का शिकार होने वाले लोगों से पैसा ट्रांसफर करवाया जाता है। ऐसे एक दो नहीं सैकड़ों से हजारों अकाउंट्स हैं जो उधार लिए जाते हैं। इन अकाउंट के धारकों से ठगों का केवल पैसे का लेना देना होता है।*



## दस से बीस फीसदी कमीशन का लालच

*साइबर अपराधी गरीबों के एटीएम कार्ड व चेक बुक को रखकर खातों होने वाले ट्रांजेक्शन की रकम के दस से बीस फीसदी कमीशन का प्रलोभन दे देते हैं। वे उनसे यह भी कहते हैं कि अकाउंट में आने वाली रकम को वे निकालकर उनका कमीशन उन तक पहुंचा देंगे। उसे एटीएम कार्ड से निकाल लेंगे। वहीं दूसरी तरफ कुछ जगहों पर बैंक खातों को एक मुश्त राशि देकर खरीदने जैसी जानकारी भी सामने आई है।*

## गांव के लोग किराए पर देते हैं बैंक खाते



*नोएडा के साइबर सेल थाना पुलिस ने कुछ माह पूर्व साइबर ठगी करने वाले नाइजीरियन गैंग को बैंक खाते किराये पर देने वाले गैंग के 7 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि ये आरोपी बिछारवा गांव बदायूं के रहने वाले हैं। इस गांव के ज्यादातर लोग पकड़े गए आरोपियों को अपने आधार कार्ड पर बैंक खाते खुलवा कर किराये पर देते हैं। अभी तक इन आरोपियों द्वारा 500 बैंक खाते किराये पर दिए गए हैं, जिनसे करीब 100 करोड़ की ठगी की जा चुकी है। आरोपियों के पास पुलिस ने आधार कार्ड बनाने की मशीन, 107 आधार कार्ड और पासबुक, दो लेपटॉप, एक प्रिंटर, 8 मोबाइल बरामद किए गए थे। आरोपी ग्रामीणों को आठ फीसदी कमीशन का लालच दिया करते थे। उनके आधार कार्ड में पता दिल्ली एनसीआर का डालकर बैंक खाते खुलवाए थे। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपी साइबर ठगी को अंजाम देने वाले नाइजीरियन गिरोह बैंक खाते के साथ सिम कार्ड भी देते थे। इसके बाद नाइजीरिया के ठग इन सिम कार्ड से लोगों से संपर्क करते थे, इसके बाद ठगी के पैसों को इन बैंक खातों में ट्रांसफर किया करते थे। गिरोह को खाता देने के एवज में आरोपी 20 हजार रुपए लिया करते थे।*

## इनके नाम पर हो रही है ठगी



जहां तक बात ठगी की है तो इसके एक नहीं कई बहाने हैं। कुछ दिन पहले नोएडा में एक महिला को मूवी रेटिंग देने के नाम पर ऐसा मैसेज आया कि उसे 12 लाख का चूना लग गया। वहीं एक व्यक्ति को कॉल आया कि आपके क्रेडिट कार्ड पर कुछ रिवॉर्ड पॉइंट्स हैं उन्हें तुरंत रिडीम कराना होगा, नहीं तो ये एक्सपायर हो जाएंगे। इसके बाद उसे एक लिंक भेजा जाता है, वह जल्दबाजी में लिंक क्लिक करके सारी डिटेल्स भरता है, सबमिट करने के साथ ही उसके खाते से हजारों रुपए साफ हो जाते हैं। एक शख्स के साथ बिजली बिल के नाम पर ऐसी ठगी हुई कि उसे 25 लाख रुपए की चपत लग गई। उसे मैसेज आया कि उन्होंने बिजली का बिल जमा नहीं किया है, जिस कारण रात 9 बजे से उनकी बिजली सप्लाई काट दी जाएगी। उन्होंने मैसेज पर दिए गए नंबर पर कॉल किया, जहां ठग ने उनसे पहले एनीडेस्क एप डाउनलोड कराया और इसके बाद उनका फोन हैक कर 27 लाख रुपए उड़ा दिए। इसके अलावा एटीएम के जरिए कई तरह से ठगी हो रही है। हाल ही में मध्य प्रदेश के सागर में एक शख्स एटीएम पर पैसे निकालने गया तो उसका कार्ड मशीन में फंस गया, इसके बाद उसने वहां दिए कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया तो उससे कहा गया कि वह कार्ड को मशीन में छोड़ दें, सुबह वह इंजीनियर से इसको निकलवा लेंगे। इसके बाद, जब वह घर लौटे तो उनके खाते से 51 हजार रुपए उड़ गए।

## 31 बैंक खातों में ठगी की रकम जमा

*कुछ समय पूर्व राजस्थान में साइबर क्राइम को कुख्यात मेवाड़ गैंग की एक बड़ी करतूत का पर्दाफाश करने में एसओजी को सफलता मिली। इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक करने पर मोटी कमाई का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की वारदात का खुलासा करते हुए एसओजी ने 7 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया था। परिवादी ने साइबर थाने में रिपोर्ट दी कि 1 अप्रैल को उसके वाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर उसका स्क्रीनशॉट शेयर करने पर प्रतिदिन 3 से 5 हजार रुपए की कमाई करने का प्रस्ताव दिया गया। उसे टेलीग्राम पर बने एक ग्रुप में जोड़कर काम दिया जाने लगा पोस्ट को लाइक करने पर 50-100 रुपए मिलने लगे। कुछ दिनों तक ये काम करने के बाद शातिर बदमाशों ने उसे कुछ बड़ा काम करने के लिए कहा। वह झांसे में आ गया और शातिर बदमाशों के कहे अनुसार 31 खातों में 1 करोड़ 1 लाख रुपए जमा करवा दिए। इसके बाद उसे अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो चुका है।*

कन्टेंट/ डिजाइन : अजय कुमार शर्मा/विमल सिंह तंवर

## जरूरी खबर

### अंसारी पर हुए खर्च की वसूली रंधावा, अमरिंदर से होगी



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान रूप नगर की जेल में गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी को रखने पर आए 55 लाख रुपए खर्च की वसूली पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और तत्कालीन जेल मंत्री सुखजिंदर रंधावा से करेगी। मान ने कहा कि अगर सिंह और रंधावा पैसे का भुगतान नहीं करते हैं, तो उनकी पेंशन और अन्य सुविधाएं निरस्त कर दी जाएंगी। मोहाली में दर्ज जबरन वसूली के एक मामले में अंसारी जनवरी 2019 से अप्रैल 2021 तक रूपनगर की जेल में था।

### उप सेनाध्यक्ष ने किया लद्दाख क्षेत्र का दौरा



**लेह।** वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (वीसीओएएस) लेफ्टिनेंट जनरल एम. वी. सुचिंद्र कुमार ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में विभिन्न अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में तैनात सैनिकों के साथ बातचीत की। सेना ने रविवार को कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल कुमार को लेह स्थित 'फायर एंड फ्यूरी कोर' में संचालनगत और साजो सामान के पहलुओं से भी अवगत कराया गया। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में तैनात सैनिकों से बात की।

### SC में छुट्टियां खत्म कई अहम मामलों पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय 42 दिनों के ग्रीष्मावकाश के बाद सोमवार को फिर से खुलने वाला है और यह मणिपुर में हिंसा से जुड़ी याचिकाओं के समूह तथा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मारे गए गैंगस्टर अतीक अहमद और अशरफ की बहन की एक याचिका सहित कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मणिपुर हिंसा से संबंधित याचिकाओं के एक समूह पर सोमवार को सुनवाई करेगी। ग्रीष्मावकाश में कई अवकाशकालीन पीठ ने 2,000 से अधिक मामलों की सुनवाई की और 700 से अधिक मामलों का निस्तारण किया।

## अजित पवार व अन्य नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन




*मुंबई। राकांपा नेता अजित पवार और कई अन्य पार्टी नेताओं के रविवार को एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल होने के विरोध में मुंबई में स्थित पार्टी के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए राकांपा समर्थक।* -पीटीआई

## सामान्य तिथि से पहले पूरे देश में पहुंचा मानसून



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी मानसून राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के शेष भाग में आगे बढ़ने के साथ ही रविवार को सामान्य तिथि से छह दिन पहले पूरे देश में पहुंच गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने शुक्रवार को कहा था कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और दक्षिण बिहार को छोड़कर पूरे देश में जुलाई में मानसून सामान्य रहने का अनुमान है। मौसम कार्यालय ने कहा कि सामान्य तिथि आठ जुलाई से पहले रविवार को ही मानसून पूरे देश में पहुंच गया। लगभग 16 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जून में कम बारिश हुई है। बिहार में सामान्य से 69 प्रतिशत और केरल में 60 फीसद कम बारिश हुई। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे कुछ अन्य राज्यों में भी दक्षिण-पश्चिमी मानसून के पहले महीने जून में सामान्य से कम बारिश हुई।

पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिपरिषद की होगी बैठक

# आज बदल सकती है सरकार व भाजपा संगठन की 'काया'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सत्तारूढ़ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की कई दौर की बैठकों के बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की संभावना को लेकर जारी चर्चाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

यह बैठक सोमवार को यहां के प्रगति मैदान में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष में होने की उम्मीद है। राकांपा के नेता अजित पवार के अपनी पार्टी के कई विधायकों के साथ भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल होने और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित भाजपा के रणनीतिकारों की बंद कमरे में हुई कई बैठकों के बाद मंत्रिपरिषद में फेरबदल की संभावनाओं को बल मिला है। राकांपा सांसद प्रफुल्ल पटेल को एक संभावित दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।



### इसलिए है बदलाव व विस्तार अहम

- राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में हैं इसी साल विधानसभा चुनाव
- मौजूदा सियासी स्थिति में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा व कांग्रेस में सीधे मुकाबले के आसार
- विधानसभा व लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सामाजिक व सियासी समीकरणों को देनी है धार

#### अब चर्चा में ये नाम भी

- प्रफुल्ल पटेल को मिल सकती है जगह
- देवेंद्र फडणवीस को भी केंद्र में लाए जाने की अटकलें
- सहयोगी दलों को भी मिलेगा प्रतिनिधत्व

### सहयोगी दलों को प्रतिनिधित्व

भाजपा सूत्रों ने संकेत दिया है कि जब भी मोदी अपने मंत्रिपरिषद में फेरबदल का फैसला करेंगे तो सहयोगी दलों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। आगामी 20 जुलाई से शुरू हो हो रहा है, इसलिए मंत्रिपरिषद में फेरबदल या विस्तार की संभावनाओं को और बल मिला है। अजित पवार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही देवेंद्र फडणवीस को केंद्र सरकार में लाए जाने की भी अटकलें तेज हो गई हैं। कुछ राज्यों सहित भाजपा के केंद्रीय संगठन में भी कुछ बदलाव भी देखने को मिल सकते हैं क्योंकि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान तेज करने में जुटा है।

खरगे, राहुल ने की पवार से बातचीत

## कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल आए पवार के समर्थन में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

महाराष्ट, में अजित पवार और आठ अन्य राकांपा नेताओं के बगावत कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने शरद पवार से रविवार को बात की और उन्हें समर्थन का भरोसा जताया। कई अन्य दलों ने भी पवार का समर्थन किया है। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा की धुलाई मशीन ने अपना अभियान शुरू कर दिया है और क्योंकि इनमें से कई नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं और अब उन्हें क्लीनचिट मिल गई है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने ट्विटर पर यह बात कही। दूसरी ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा कई नए प्रयोग करेगी, क्योंकि उसे सत्ता में रहना है। महाराष्ट्र उसके लिए मध्य प्रदेश से भी बड़ी प्रयोगशाला बन गया है।



### पवार की बगावत की याद हुई ताजा

महाराष्ट्र के ताजा घटनाक्रम ने 1978 में हुए उस राजनीतिक घटनाक्रम की यादें ताजा कर दी, जब शरद पवार ने तत्कालीन मुख्यमंत्री वसंत दादा पाटिल की सरकार के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका था। तब पवार 40 विधायकों को लेकर कांग्रेस से अलग हो गए थे, जिसके चलते पाटिल नीत सरकार गिर गई थी। पवार ने 18 जुलाई 1978 को प्रगतिशील लोकतांत्रिक मोर्चा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, जिसमें कई विपक्षी दल शामिल थे।

मणिपुर में फिर हिंसा

## गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों के साथ गोलीबारी में कम से कम तीन 'ग्राम स्वयंसेवक' मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि खोइजुमंताबी गांव में शनिवार देर रात को यह घटना हुई, जब ग्राम स्वयंसेवक अस्थायी बंकर से इलाके की रखवाली कर रहे थे। शुरुआत में दो शव बरामद किए गए और बाद में एक और शव मिला। पुलिस ने बताया कि



गोलीबारी कई घंटे चली, जिसमें पांच लोग घायल भी हुए। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को इंफाल के अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की।

### कुकी समूहों ने हटाई नाकेबंदी

**गुवाहाटी।** मणिपुर के दो उग्रवादी संगठनों ने रविवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर कांगपोकपी जिले में दो महीने से जारी नाकेबंदी हटा ली है। यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट और कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शांति और सद्भाव बहाल करने का आह्वान के बाद तत्काल प्रभाव से नाकेबंदी हटा ली गई है।

तेलंगाना: राहुल का भाजपा व बीआरएस पर तीखा प्रहार, कहा...

## KCR का 'रिमोट कंट्रोल' मोदी के पास

**एजेंसी** | खम्मम (तेलंगाना)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव पर तीखा हमला करते हुए रविवार को कहा कि उनका 'रिमोट कंट्रोल' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास है। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी भारत राष्ट्र समिति को भाजपा की बी-टीम बताते हुए इसका नया नामकरण बीजेपी रिश्तेदार पार्टी किया। गांधी ने आरोप लगाया कि राव और



उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों ने बीआरएस को भाजपा के सामने झुकने को मजबूर कर दिया है।

### पूर्व सांसद श्रीनिवास रेड्डी कांग्रेस में शामिल

भारत राष्ट्र समिति के पूर्व सांसद पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी राहुल गांधी की जनसभा में कांग्रेस में शामिल हो गए। रेड्डी ने कहा कि उन्होंने समाज के विभिन्न तबकों से विचार-विमर्श के बाद कांग्रेस का दामन थामने का फैसला किया। कांग्रेस विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क की 109 दिन लंबी 'पदयात्रा' भी इस जनसभा के दौरान समाप्त हुई।

सोनेलाल पटेल की जयंती पर शाह की पिछड़ों को साधने की कवायद

# कांग्रेस, SP-BSP ने नहीं दी पिछड़े समाज को मान्यता

**एजेंसी** | लखनऊ

अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती पर रविवारको आयोजित कार्यक्रमों में पिछड़े वर्गो के वोटों को साधन की कवायद हुई। राजग की सहयोगी और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की अगुवाई वाले अपना दल (सोनेलाल) की ओर से 'जन स्वाभिमान दिवस' समारोह आयोजित किया गय जिसमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा कई बार सत्ता में रहे या सत्ता में हिस्सेदार रहे लेकिन इन दलों ने कभी भी पिछड़ा समाज को संवैधानिक मान्यता नहीं दी। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र



### 27 पिछड़े समाज के नेता बने मंत्री

गृह मंत्री शाह ने कहा कि आजादी के बाद भाजपा और राजग की यह पहली मंत्रिपरिषद है जिसमें 27 पिछड़े समाज के नेता मंत्री बनकर पिछड़े समाज का कल्याण कर रहे हैं। अगर पिछड़ा समाज, आदिवासी और दलित समाज के पहली बार सबसे ज्यादा सांसद किसी गठबंधन में चुनकर आए हैं तो वह राजग गठबंधन में आए हैं। शाह ने कार्यकर्ताओं से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया।

मोदी ने पिछड़ा समाज के लिए आयोग बनाकर पिछड़ा समाज को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया और इससे पिछड़ा कल्याण का रास्ता प्रशस्त हुआ। कांग्रेस, सपा व बसपा ने ऐसा नहीं किया।

### विरासत पर सियासत

अपना दल वर्तमान में दो गुटों में विभाजित है और उसके एक गुट अपना दल (सोनेलाल) का नेतृत्व अनुप्रिया पटेल के हाथों में हैं जबकि दूसरे गुट अपना दल (कमेरावादी) का नेतृत्व अनुप्रिया की मां कृष्णा पटेल कर रही हैं। अपना दल (एस) का भाजपा से गठबंधन है जबकि दूसरा गुट सपा के साथ है। अनुप्रिया की बहन पल्लवी पटेल सपा की विधायक हैं। दोनों बहनों में पिता की विरासत को लेकर राजनीतक प्रतिद्वंद्विता है।

- 1995 में की थी डॉ सोनेलाल पटेल ने अपना दल की स्थापना
- यूपी में कुमी समुदाय पार्टी का मुख्य आधार है।
- 06 प्रतिशत वोट हैं कुर्मी समुदाय की आबादी
- 02 सांसद हैं अपना दल(एस) के
- वर्तमान में केंद्र में मंत्री है अनुप्रिया पटेल
- अपना दल (कमेरावादी) का सपा से है गठबंधन

### पीडीए को नहीं मिल रहा वाजिब हक: अखिलेश

अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देश में जातिवार जनगणना की मांग को उठाते हुए आरोप लगाया कि पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों (पीडीए) को उनकी आबादी के हिसाब से सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, जातीय जनगणना का सवाल सबसे बड़ा है। हम जानते हैं कि अगर हम जाति के आधार पर जनगणना की मांग करते हैं तो भाजपा के लोग कहेंगे कि हम जातिवादी लोग हैं। अगर सवाल पीडीए का उठ रहा है तो सरकार यह बताए कि क्या देश में पीडीए को उनकी आबादी के हिसाब से सम्मान मिल रहा है।

केंद्र ने दिए व्यवस्था में सुधार के निर्देश

## पांच राज्यों में एक तिहाई छात्र मिड-डे मील से बाहर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश के पांच राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश और झारखंड के स्कूलों में नामांकित कुल बच्चों में से औसतन लगभग एक तिहाई छात्रों के वर्ष 2022-23 की तीन तिमाही के दौरान मध्याह्न भोजन योजना के दायरे से बाहर रहने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार ने इन राज्यों से कवरेज बढ़ाने के लिए व्यवस्था तैयार करने को कहा है। साथ ही शिक्षा मंत्रालय ने कुछ राज्यों से योजना के आंकड़ों की प्रमाणिकता की जांच करने और विसंगतियां दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने को कहा है। वर्ष 2023-24 के लिए शिक्षा मंत्रालय के



अधीन पीएम पोषण योजना की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट पर, कार्यक्रम मंजूरी बोर्ड की बैठक के कार्यवृत (मिनट्स) से यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे ज्यादा खराब प्रदर्शन बिहार (57 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश (57.37 प्रतिशत) रहा है जबकि दिल्ली(60 प्रतिशत), मध्यप्रदेश (68.81 प्रतिशत), झारखंड (69 प्रतिशत) की स्थिति थोड़ी बेहतर है।

## रवींद्र मंच पर हुआ पॉपुलर नाटक 'कबिरा खड़ा बाजार' में का मंचन

# आडंबर और चौंचलेबाजी पर चोट

**बेधड़क, जयपुर।** कबीर ने अपने जीवनकाल में सशक्त और सीधी-सीधी बात कही। उनकी बातों में कोई लाग-लपेट नहीं थी। ऐसी ही रचना जब जयपुर के मंच पर कला के जरिए सामने आई तो हर कोई उसमें मैसेज ढूंढता रहा। कलाकारों ने अभिनय से रवींद्र मंच पर रविवार को नाटक 'कबिरा खड़ा बाजार में' में कबीर को जीवंत कर दिया। मौका था ललित कला संगम की प्रस्तुति कबीर के दर्शन पर आधारित संगीतमय नाटक 'कबिरा खड़ा बाजार में' के मंचन का, जिसके लेखक भीष्म साहनी थे तो डायरेक्शन राम सहाय का रहा।



### कलाकारों ने किया कटाक्ष

कबीर ने जिस तरह धार्मिक आडंबर और चौंचलेबाजी पर कटाक्ष किया था, उस तरह का साहस किसी ने नहीं किया। कलाकारों ने कहानी को आगे बढ़ाया और दमदार डायलॉग से कबीर के उसी साहस को मंच पर उतार दिया। कहानी में कबीर को सिर्फ संत, कवि या निर्गुण उपासक ही नहीं, बल्कि एक प्रखर चिंतक, दूर द्दष्टा, दार्शनिक व क्रांतिकारी भी बताया। कला के जरिए उन्होंने कबीर को जीनियस बताया। प्रयोगात्मक शैली में तैयार नाटक में मंच सज्जा भी अलग व खास थी तो संगीत ने आकर्षित किया। कुछ एक्टर्स ने दोहरी भूमिका निभाकर अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया।

### इन्होंने किया किरदारों को जीवंत

नूरा-दिलीप सिंह नरुका, भक्त-नागरिक- प्रवीण शर्मा, अंधी भिखारन-रेखा शर्मा, कबीर-राजीव अंकित, कोतवाल-विजय मिश्रा, साधु-वैभव अग्रवाल, महंत-बाल मुकुंद, नागरिक- राहुल मोदानी, भक्तगण-प्रदीप और पुष्पेंद्र, पीपा-युवराज सिंह भाटी, बशीरा-धानेश वर्मा, लड़का-शौर्य मिश्रा, लोई-यूथिका बनी और अपने अभिनय को जीवंत कर दिखाया। वहीं रूप सज्जा-भुवनेश भटनागर, ड्रेसेज-सुदर्शिनी, ध्वनी-धानेश वर्मा की रही तो संगीत डॉ. शंकर ने दिया।



## शिविर में 223 यूनिट रक्तदान



**बेधड़क. जयपुर।** जगदीश नारायण मेमोरियल ट्रस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद की तरफ से सीतापुरा स्थित एक होटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक महेश बोहरा ने बताया शिविर में रक्त दाताओं ने 223 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, जयपुर सांसद रामचरण बौहरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा बीरधी चंद शर्मा, सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी, महानगर टाइम्स के प्रधान संपादक गोपाल शर्मा, कोर्ट बार अध्यक्ष भुवनेश शर्मा, पूर्व पार्षद गीता शर्मा, विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, बीजेपी नेता हेमंत जकड़ी, सुरेश उपाध्याय मनीष शर्मा, दीपक गिर्राज राधामोहन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शिव कथा में हुए विभोर



**बेधड़क. जयपुर।** पानीपेच नेहरू नगर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही संगीतमय दिव्य शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा में जब कथावाचक धनश्रीराम ने भगवान शिव की एकादश रुद्र रूप की विभिन्न कथाएं सुनाई तो श्रोता भाव विभोर हो उठे। 'डमरू बजाए, अंग भस्म रमाए, डमरू वाले बाबा तुमको आना होगा' भजन पर श्रोता झूमने लगे। प्रवक्ता मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि कथा सात जुलाई तक प्रतिदिन 2 से 5 बजे तक चलेगी।

## एसबीआई ने मनाया बैंक दिवस

बेधड़क | जयपुर




भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में बैंक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के स्वतंत्र निदेशक धर्मेंद्र सिंह शेखावत ने किया। जयपुर मंडल के मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार मिश्रा ने बैंक के इतिहास के बारे में बताया। धर्मेंद्र सिंह शेखावत एवं मुख्य महाप्रबन्धक राजेश कुमार मिश्रा ने निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जयपुर केलगिरी आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर ट्रस्ट को एक एंबुलेंस के लिए सहायता का चेक सौंपा। संस्था के मानद सचिव डॉक्टर नवल किशोर ने आश्वासन दिया कि बैंक द्वारा दिए गए सहयोग को वंचित वर्ग तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में आगुन्तकों को बैंक द्वारा पौधे वितरित किए गए। महाप्रबंधक प्रभात कुमार मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। समारोह में एसबीआई जयपुर मंडल के महाप्रबंधक हेमंत करौलिया, चन्द्र भूषण कुमार सिंह एवं प्रदीप कुमार शर्मा सहित बैंक के अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## सीए दिवस पर किया ब्लड डोनेट

बेधड़क | जयपुर



आईसीएआई की जयपुर शाखा ने आज 1 जुलाई को भारतीय सीए संस्थान का स्थापना दिवस (सीए दिवस) मनाया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शाखा परिसर में झंडारोहण हुआ। कार्यक्रम में अतिथि प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स रोमी अग्रवाल, प्रबंधकारिणी समिति सदस्य और बड़ी संख्या में सीए मेंबर्स और छात्रों ने भाग लिया। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया कि सीए डे पर शाखा में रक्तदान शिविर, निशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप एवं आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। शिविर में 1024 यूनिट्स ब्लड एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वालों को संस्थान की तरफ से सम्मानित किया। एग्जीबिशन में सीए छात्रों व सदस्यों नेटिंग फोटोग्राफी और अन्य रचनात्मक गतिविधिओं का प्रदर्शन किया

## वरिष्ठ पत्रकार सोनी का सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर सबरंग संस्था की ओर से वरिष्ठ पत्रकार पंकज सोनी का सच बेधड़क न्यूज चैनल के ऑफिस में सम्मान किया गया। संस्था की ओर से पिंकसिटी प्रेस क्लब सभागार में पत्रकार एवं कलाकार सम्मान समारोह 2023 आयोजित किया गया था। इसमें पंकज सोनी का भी सम्मान किया जाना था, लेकिन वे कार्यक्रम में नहीं पहुच पाए थे। ऐसे में संस्था सचिव राजेंद्र राव ने चैनल के ऑफिस में आकर उनका सम्मान किया।

## City इवेंट्स

### रीना सिंह को मिला कर्मयोगी सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में कर्म योगी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा, कला एवं अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रदेश भर से चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक पवन टांक एवं संरक्षक डॉ. एचसी गणेशा ने बताया कि कार्यक्रम में जयपुर की रीना सिंह को अन्य विशेष क्षेत्र में समाज में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कर्मयोगी सम्मान से नवाज गया। स्वामी साक्षातकृतआनंद सरस्वती और प्रबुद्धआनंद सरस्वती ने गीता पर उपदेश दिए। गौरतलब है रीना ने 2023 में मिसेज इंडिया ग्लैम का खिताब भी जीता है।

### पुरस्कार की घोषणा 4 अगस्त को

**बेधड़क, जयपुर।** पत्रकार स्व. कमल माथुर की स्मृति में कमल माथुर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार दिया जाएगा। यह घोषणा राजस्थान कायस्थ महासभा की ओर से की गई। पुरस्कार हर साल राजस्थान के किसी एक प्रतिबद्ध, निष्पक्ष, निर्भीक, जनोन्मुखी व जागरूक पत्रकार को दिया जाएगा। वर्ष 2023-2024 के लिए इस सम्मान पुरस्कार की घोषणा अन्य सम्मान पुरस्कारों के साथ महासभा के स्थापना दिवस पर 4 अगस्त को की जाएगी।

### बच्चों को बताया आध्यात्म का महत्व



**बेधड़क, जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान व महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रताप नगर में बच्चों के लिए आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि शिविर में बच्चों की मानसिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक क्षमताओं को निखारा गया। फाउंडेशन अध्यक्षा दुर्गा वर्मा ने बच्चों को गांधीजी द्वारा बताए गए सत्य व अहिंसा के पथ पर चलते हुए अच्छे व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण की सीख दी। ट्रस्ट सदस्य प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि 30 दिवसीय शिविर में 150 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को नैतिक शिक्षा, सदाचार, आध्यात्मिक ज्ञान, नाटक, नृत्य, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, कैलीग्राफी, संगीत, पेंटिंग, कंप्यूटर शिक्षा, स्पोकन इंग्लिश, आर्ट व क्राफ्ट, योगा, ध्यान, आत्म सिखाया गया। इस अवसर पर प्रो. डॉ राजीव सक्सेना, संगीता सक्सेना, कौशल सत्यार्थी, अंजू वर्मा, भास्कर, पुष्पलता, दिनेश, मनीष आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों को साहित्य वितरण

# गांधीजी का चरित्र और विनोबा का चिंतन नई पीढ़ी तक पहुंचे



बेधड़क | जयपुर

महेश नगर के विवेकानंद पार्क में रविवार की सुबह वरिष्ठ नागरिकों को गांधी-विनोबा साहित्य भेंट किया गया और सर्वोदय विचार-दर्शन पर चर्चा की गई।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव और एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार हरितवाल ने कहा कि गांधी-विनोबा विचार साहित्य की सर्वोदय दर्शन अहम धुरी है। साथ ही आध्यात्मिक व अहिंसा पक्ष एक प्रकाश-पुंज है। गांधीजी का प्रेरक जीवन चरित्र के साथ ही सर्वधर्म समभाव पर विनोबा का चिंतन नई पीढ़ी तक पहुंचे। इसके लिए समाज के वरिष्ठ प्रबुद्धजनों को इसे भेंट किया गया है।

सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जयपुर में अब तक 500 से अधिक लोगों को विचार-चिंतन के साथ ही गांधीजी की जीवनी और गीता-माता, विनोबा की अहिंसा की तलाश, ऋषि विनोबा, गीता-प्रवचन जैसी अनमोल पुस्तकें विनोबा विचार मंच की ओर से निःशुल्क वितरित की जा चुकी है। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डागुर, पूर्व लेखा अधिकारी मधुसूदन जोशी, समाज सेवी हरिसिंह बुड़ानिया, हरीश गुप्ता सहित युवा सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र पाराशर आदि ने विचार-चर्चा में भाग लिया। इसी कड़ी में जयपुर हेरिटेज नगर निगम वार्ड -31 के पार्षद लादूराम दुलारिया को आज गांधी साहित्य भेंट किया गया। विनोबा विचार मंच के संयोजक कुलदीप शर्मा ने गांधी-विनोबा साहित्य की प्रेरणा शक्ति पर प्रकाश डाला।

## मधुर वाणी से भोले को रिझा रहे मुकेश

# सोशल मीडिया पर हुए वायरल 7 दिन में करोड़ों लोग हुए दीवाने



बेधड़क | जयपुर

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो रातों रात किसी को भी स्टार बना सकता है। ऐसा ही कुछ हुआ राजधानी में रहने वाले मुकेश कुमार नायर के साथ।

सोशल मीडिया पर इन दिनों जयपुर के भोले के मंदिर के बाहर एक भक्त का अपनी अर्जी लगाने के लिए मधुर वाणी में भजन के माध्यम से भोले बाबा को रिझाते हुए का वीडियो सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हुआ। दरअसल लाल कोठी में रहने वाले इन साइकिल वाले अंकल का नाम मुकेश कुमार नायर है। 50 साल के मुकेश अंकल पेशे से भजन या राजस्थानी भजन गायक नहीं हैं, बल्कि मुकेश सचिवालय के बाहर निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड पर नौकरी कर परिवार को पालन-पोषण करते हैं।

मुकेश ने सच बेधड़क से बातचीत में बताया कि राहगीर उन्हें पागल कहते है, लेकिन वो उनकी परवाह नहीं करते हैं। मुकेश नायर ने बताया कि बचपन से ही उन्हें भजन गाने का शौक है, लेकिन परिवार की जिम्मेदारी के चलते वो अपना शौक पूरा नहीं कर पाए।

वह जब भी अपनी नौकरी पर जाते हैं, उससे पहले वो भगवान के दर्शन जरूर करते हैं। जब मुकेश को शुक्रवार को वहां से गुजर रहे दौसा जिले के नांगल निवासी पवन कुमार मीणा ने उन्हें गाता हुआ देखा। पवन ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इसके बाद से उनका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

**आयरन मैन** | रनर डॉक्टर साधना आर्या, सुरेन्द तालेरा, अभिषेक मित्तल और अमित भसीन बने विनर

# चीनी की मिठास छोड़कर चखी जीत की मिठास

बेधड़क | जयपुर

तीन महीने से चीनी नहीं खाई और अपने आपको कंट्रोल रखा, ट्रेनिंग में कोताही नहीं की, लेट नाइट पार्टी में नहीं गए और नेवर गिवअप सोच के साथ आयरन मैन में भाग लिया।

ये अनुभव रनर्स ने अन्य रनर्स के साथ शेयर किए। जयपुर रनर्स क्लब की अध्यक्ष डॉक्टर साधना आर्या के साथ सुरेन्द तालेरा, अभिषेक मित्तल और अमित भसीन का आयरन मैन पूरी करके लौटने पर वेलकम किया गया। क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा बागड़ा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण तिजारिया ने बताया कि क्लब के को फाउंडर मुकेश मिश्रा, रवि गोयनका, सचिव राजेश चौधरी, नितिन गुप्ता, निपुन वाधवा, डायरेक्टर विष्णु टांक, रचना विजय, कमल कट्टा, सुधा खंडेलवाल, पूनम गर्ग, अनीता जानू, रूपेन्द्र गुप्ता, ज्योति अंकिता ने सम्मान किया।





### लोगों को किया गलत साबित

डॉक्टर साधना आर्या ने 59 वर्ष की उम्र में आयरन मैन को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि पहली हाफ मैराथन जयपुर मैराथन में की थी। तब लोग कहते थे कि तुम्हारे घुटने खराब हो जाएंगे। इसके बावजूद मैं दौड़ती रही और लोगों को गलत साबित किया। दूसरी बार आयरनमैन टाइटल भी जीता। वहीं, सुरेंद्र तालेरा और अभिषेक मित्तल ने जर्नी के बारे में कहा कि ग्रुप के मोटिवेशन से उन्हें अपनी ट्रेनिंग को पूरी करने में हेल्प मिली और डिस्प्लीन और रेगुलर प्रैक्टिस से ही टाइटल जीत पाए। साथ ही उन्होंने अपनी डाइट पर बहुत कंट्रोल किया, जिससे ट्रेनिंग में मदद मिली।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 03 जुलाई, 2023





जरूरत से ज्यादा तसल्ली देना कार्य में बाधा उत्पन्न करता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### फ्रांस में और उग्र हुआ विरोध-प्रदर्शन: मेयर के घर में भीड़ ने कार घुसाकर फूंकी... मृतक किशोर दफन

# मेयर के बीवी-बच्चे घायल, अब तक 2,800 गिरफ्तार

**एजेंसी** | पेरिस

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 17 साल के एक किशोर की पुलिस गोलीबारी में हुई हत्या के बाद भड़का आंदोलन शांत नहीं हो पा रहा है। पांचवें दिन भी उग्र प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में उत्पात मचाया है। पेरिस के एक उपनगर में मेयर के घर में भीड़ ने जबरन कार घुसा दी, जिसमें मेयर की पत्नी और बच्चे घायल हो गए हैं।

दंगाइयों ने मेयर के घर में तोड़फोड़ और आगजनी भी की है। मेयर विंसेंट जीनब्रून ने रविवार को कहा कि उनके घर पर शनिवार रात प्रदर्शनकारियों ने हमला बोल दिया। एक ट्विटर पोस्ट में उन्होंने कहा, उन्हें और उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रदर्शनकारियों ने उनके घर पर हमला किया है। मेयर विंसेंट जीनब्रून ने कहा कि जब उनका परिवार सो रहा था, तब प्रदर्शनकारियों ने "आग लगाने" से पहले उनके घर में "एक कार घुसा दी"जिसमें "मेरी पत्नी और मेरा एक बच्चा घायल हो गया।" जीनब्रून ने कहा, "यह कायरता और हत्या का प्रयास था।"

आंतरिक मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अब तक पांच दिनों में कुल 2800 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें से आधी से ज्यादा गिरफ्तारियां हिंसा की चौथी रात को हुईं। इस बीच, फ्रांस में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए किशोर को शनिवार को दफना दिया गया। देशभर में जारी हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जर्मनी का दौरा रद्द कर दिया है।

फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि हिंसा रोकने के लिए देशभर में 45,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मंगलवार रात को प्रदर्शन की शुरुआत के बाद से गिरफ्तारियां जारी हैं।

### मारे गए किशोर को दी अंतिम विदाई

इस बीच, नैनटेरे के उपनगर में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए किशोर नाहेल को अंतिम विदाई दी गई। कब्रिस्तान में ताबूत लाए जाने के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़कों के किनारे खड़े थे। पेरिस से मार्सिले और ल्योन तक हिंसा की आग फैल गई है। अधिकारियों के मुताबिक युवा प्रदर्शनकारियों की पुलिस से रातभर भिड़ंत हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न जगहों पर प्रदर्शनकारियों ने करीब 2,500 दुकानों में तोड़फोड़ और आगजनी की।








### कर्ज में डूबा पाक: पीएम शरीफ ने खड़े किए हाथ

# चुनाव पूर्व छोड़ देंगे पद!

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

गले तक कर्ज में डूबा पाकिस्तान लगातार अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए भीख का कटोरा लेकर आईएमएफ के दरवाजे पर पहुंचा था। 6.5 अरब डॉलर के कर्ज की पेशकश करने वाले पाकिस्तान को आईएमएफ से मांग का आधे से कम 3 अरब का कर्ज मिला है। पाकिस्तान को इस कर्ज की काफी वक्त से दरकार थी। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कर्ज पाने के लिए एंडी-चोटी का जोर लगा दिया था। अब ऐसा लग रहा है कि पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति से शहबाज शरीफ उकता गए हैं। प्रधानमंत्री के होने के नाते यह पद उनके लिए एक कांटों भरा ताज जैसा हो गया है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने ऐलान किया है कि वह अपने कार्यकाल के अंत में सरकार छोड़ देंगे। लाहौर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शाहबाज शरीफ ने साफ संदेश में कहा कि चुनाव की घोषणा करना और कराना चुनाव आयोग का काम है, संविधान के मुताबिक यह काम चुनाव आयोग को करना है।



### मैं-तुम छोड़ 'हम' नहीं बने तो विकास नहीं होगा

शरीफ ने कहा कि अगर चुनाव में किसी और को मौका मौका मिलेगा तो हम पूरा सहयोग करेंगे, अगर हम 'तुम' और 'मैं' को छोड़कर 'हम' नहीं बनेंगे तो पाकिस्तान का विकास नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आईएमएफ के साथ समझौते से रातों-रात महंगाई कम नहीं होगी, महंगाई को नकारना खुद के साथ एक धोखा है। उन्होंने कहा कि सीनेट के चेयरमैन ने खुद कहा है कि वह प्रोत्साहन बढ़ाने वाले बिल को वापस ले लेंगे, आईएमएफ का कार्यक्रम अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए घी या मिठाई नहीं है।

### महंगाई चरम पर

पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति की बात करें तो महंगाई चरम पर पहुंच गई है। वहां आटा चावल का दाम आसमान छू रहा है। स्थिति ऐसी है एयरलाइन्स को भी चलाने के लिए पड़ोसी के पास पैसे कम पड़ रहे हैं। अपना खर्च चलाने के लिए पाकिस्तान ने अपने काबिल दोस्त-चीन, सऊदी अरब और यूएई से कर्ज ले चुका है। ऐसे में आईएमएफ से भी पाकिस्तान ने कर्ज ले लिया। मुश्किल हालात से गुजर रही पाकिस्तान की इकॉनमी लगातार गर्त में जा रही है।

## US: गोलीबारी में 2 की मौत, 28 घायल

**बाल्टीमोर।** यूएस के बाल्टीमोर शहर में एक कार्यक्रम में एकत्र लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हुए हैं। घायलों में तीन की हालत नाजुक है। पुलिस ने बताया कि 'ग्रेटना एवेन्यू' के ब्लॉक 800 में एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय समयानुसार, शनिवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे गोलीबारी की घटना हुई। इसमें 30 लोग हताहत हुए।

### 12 दिनों में कीव पर पहली बार ड्रोन हमला

# सभी रूसी ड्रोन मार गिराए: यूक्रेन

**एजेंसी** | कीव

रूस ने कई दिनों तक अपेक्षाकृत रूप से शांत रहने के बाद शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को यूक्रेन की राजधानी कीव को एक बार फिर ड्रोन से निशाना बनाया। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 12 दिनों में रूस ने कीव पर पहली बार ड्रोन से हमला किया है। कीव शहर के प्रशासनिक प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि रूस की ओर से भेजे गए सभी ईरान निर्मित 'शहीद' ड्रोन का पता लगाकर उन्हें मार गिराया गया।

कीव के क्षेत्रीय गवर्नर रुसलान क्रावचेंको ने बताया कि कीव शहर के अलावा आसपास के इलाकों को भी निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि नष्ट किए गए ड्रोन का मलबा गिरने से एक व्यक्ति घायल हुआ है।

वैसे, यूक्रेन के अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि रूस ने कीव पर हमले के लिए कितने ड्रोन भेजे, लेकिन यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस के आठ 'शहीद' ड्रोन और तीन 'कैलिबर' क्रूज मिसाइल से हमले किए गए।

### मंगल ग्रह नहीं रहा लाल!

# नासा ने दिखाया सुंदर नीला-हरा मंगल

**एजेंसी** | वाशिंगटन

नासा सौरमंडल में एक ग्रह पर गहन खोजबीन करने में लगी हुई है। यह ग्रह है हमारी पृथ्वी का पड़ोसी मंगल। इस ग्रह को लाल ग्रह भी कहा जाता है, लेकिन नासा ने अब इस ग्रह की ऐसी रंगीन तस्वीर शेयर की है, जो चौंकाने वाली है।

इस तस्वीर में यह ग्रह नीले और हरे रंग की छटा लिए बहुत खूबसूरत दिख रहा है कि यह तस्वीरें नासा के मैवन स्पेसक्राफ्ट ने ली हैं। अंतरिक्ष एजेंसी नासा का मंगल पर मैवन मिशन चल रहा है। चूंकि मंगल लगातार सूरज का चक्कर लगा रहा है, इसलिए जब यह अलग-अलग बिंदुओं पर पहुंचता है तो इसकी अल्ट्रावॉयलेट इमेज भी अलग अलग रंगों में उभरकर आती है।



### मैवन स्पेसक्राफ्ट ने अलग-अलग एंगल से खींची तमाम तस्वीरें

मंगल चूंकि सूरज के चारों तरफ घूम रहा है इसलिए पहली तस्वीर 2022 में ली गई, जबकि दूसरी तस्वीर तब ली गई, जब यह घूमता हुआ कक्षा में दूसरे छोर पर आ पहुंचा था। मैवन में लगे इमेजिंग अल्ट्रावायलेट स्पेक्ट्रोग्राफ उपकरण के बारे में कहा है कि यह 110 और 340 नैनोमीटर के बीच की वेवलेंथ को माप सकता है। और इन्हें इंसानी आंखों से देखा जा सके इसलिए इनको विभिन्न ब्राइटनेस लेवल पर तीन अल्ट्रावायलेट वेवलेंथ रेंज में रेंडर किया जाता है जिसमें रेड, ग्रीन और ब्लू शामिल हैं।

### पर्पल दिखती है ओजोन परत

इन तीन रंगों में से इसकी ओजोन परत पर्पल कलर में दिखती है, इसके बादल व्हाइट या फिर ब्लू कलर में दिखते हैं, जबकि इसकी सतह थोड़ी सांवली या हरी दिखती है। पहली फोटो 2022 में दक्षिणी गोलार्ध की गर्मियों की है। यह सीजन मंगल के सूरज के करीब आने के कारण आता है। दूसरी तस्वीर उत्तरी गोलार्ध की है जो जनवरी 2023 में ली गई है, तब मंगल सूर्य से अधिकतम दूरी पर पहुंच गया था। इन तस्वीरों से मंगल के मौसम और तरल पानी का इतिहास जानने में मदद कर सकती हैं।

### अजीब है यहां की परंपरा: दुल्हन की तरह सजाई जाती है घड़ियाल

# महापौर ने की एक मादा घड़ियाल से शादी

**एजेंसी** | मेक्सिको सिटी

आपने कुंडली के दोषों को दूर करने के लिए लड़की की कुत्ते, पेड़ या मटके से शादी करने की कहानियां बहुत सुनी होंगी, लेकिन किसी के घड़ियाल से शादी करने की बात शायद कभी ना सुनी हो।

दक्षिणी मेक्सिको के सैन पेद्रो शहर में विक्टर ह्यूगो सोसा ने धूमधाम से एक मादा घड़ियाल के साथ शादी की। इस मौके पर घड़ियाल को दुल्हन का ड्रेस पहनाकर सजाया गया था। मेयर सोसा ने कहा, हम दोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं इसलिए इस बंधन में बंध रहे हैं। जब तक आप किसी से प्रेम नहीं करते तब तक शादी कैसे कर सकते हैं।



### बारिश से है रिश्ता

माना जाता है कि घड़ियाल से शादी करने से बारिश होती है और फसल अच्छी पैदा होती है। यहां की परंपरा में धरती और जल से संबंध दिखाने के लिए और भाईचारे कि इच्छा से इस तरह की शादी करवाई जाती है। बता दें कि इस समारोह से पहले घड़ियाल को लोगों के घर ले जाया जाता है। सुरक्षा के नजरिए से घड़ियाल का मुंह कस दिया जाता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl